

सूर्योदय प्रातः 6:14 | सूर्यास्त संध्या 5:49

पखवाड़ा: फाल्गुन शु. नवमी, संवत 2082

तापमान: अधिकतम 26° | न्यूनतम 14°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष : 17, अंक : 14, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,225.92 | -1,068.74 (-1.28%) |
| निफ्टी | 25,424.65 | -288.35 (-1.12%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,57,290.00 |
| चांदी | 2900.00 |

**माह-ए-रमज़ान**



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 5 : 52 | 5 : 01 |

## वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का पेश किया बजट

# गरीब, किसान, आदिवासी व महिलाओं पर फोकस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का अबुआ दिशोम बजट पेश किया। यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में करीब 09 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले हेमन्त सोरेन सरकार ने 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया था।

झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर की ओर से पेश किये गये बजट में कृषि गतिविधियों में लगी महिलाओं के लिए एक योजना की घोषणा की गयी। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग गरीब, किसान, आदिवासी और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ दिशोम बजट झारखंडवासियों के चेहरे पर मुस्कान लायेगा और गरीबों के आंसू पोंछेगा। महिला किसानों के लिए महिला खुशहाली योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 25 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में 100 नये सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों से समृद्ध है। इसके अलावा यहां देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर और राजरप्पा मंदिर जैसे धार्मिक स्थल के साथ-साथ नेतरहाट जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी हैं। राज्य सरकार लोगों की समावेशी वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से बाधाएं उत्पन्न किये जाने के बावजूद हम झुकेंगे नहीं और राज्य के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने झारखंड को पर्याप्त वित्तीय सहायता न देकर केन्द्र पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य को केन्द्रीय करों में 5,000 करोड़ रुपये का हिस्सा नहीं मिला और अनुदान सहायता के रूप में 11,000 करोड़ रुपये भी नहीं मिले।

वित्त मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय करों में हिस्सेदारी धीरे-धीरे घट रही है। विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी (वीबी - जी राम जी) के कारण राज्य को 5,640 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



### अबुआ दिशोम बजट झारखंडवासियों के चेहरे पर लायेगा मुस्कान : राधा कृष्ण किशोर

- यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में करीब 09 प्रतिशत अधिक
- 2025-26 में 1.45 लाख करोड़ रुपये का पेश हुआ था बजट



## विधानसभा में गूंजा नदियों के प्रदूषण का मुद्दा दामोदर में अतिक्रमण पर सरकार सख्त

**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन मंगलवार को सदन में नदियों के प्रदूषण और कथित अतिक्रमण का मामला प्रमुखता से उठा। जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। विधायक ने विशेष रूप से दामोदर नदी में बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण का प्रश्न उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या नागरिक प्रयासों से औद्योगिक प्रदूषण से लगभग मुक्त हुई दामोदर नदी फिर से प्रभावित हो रही है। सवाल में आरोप लगाया गया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चंद्रपुरा ताप विद्युत गृह के ऐश पॉन्ड विस्तार के दौरान नदी क्षेत्र में अतिक्रमण हुआ है। साथ ही, बोकारो ताप बिजली घर की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से दूषित बहिस्राव के कोनार नदी में गिरने की बात कही गयी। इसके अलावा राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) पर टंडवा क्षेत्र में कोयला खनन से निकले दूषित पानी को सीधे दामोदर नदी में प्रवाहित किये जाने का आरोप भी लगाया गया।

## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को 12,347 करोड़ रुपये का बजट : दीपिका पांडेय

**झारखंड** में ग्रामीण विकास कार्य एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण विकास विभाग का



बजट बढ़ा कर 12,347 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, आजीविका सृजन, आवास योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को गति प्रदान करने में सहायक होगा। मंत्री मंगलवार को विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि गांवों की तस्वीर बदलने और ग्रामीणों के जीवन में ठोस सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार लगातार प्रयासरत है, ताकि झारखंड देश के मानचित्र पर एक सशक्त और समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित हो सके। मंत्री ने बताया कि केवल ग्रामीण कार्य विभाग का बजट 4,576 करोड़ रुपये से ● शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के बजट में कृषि विभाग के लिए 4,884 करोड़ रुपये का प्रावधान : शिल्पी नेहा

**झारखंड** की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सदन में पारित 01 लाख 58 हजार 560



करोड़ रुपये का बजट राज्य के भविष्य को नयी दिशा देगा। इस कुल बजट में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के लिए 04 हजार 884 करोड़ 20 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा त्रिकी ने मंगलवार को सदन परिसर में कहा कि यह बजट विशेष रूप से किसानों, महिला कृषकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर केन्द्रित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने महिला किसान खुशहाली योजना प्रारंभ की है, जिसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत महिला किसानों ● शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने की एयर एम्बुलेंस दुर्घटना की समीक्षा

## होगी उच्च स्तरीय जांच : डॉ. इरफान अंसारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा/रांची :** झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में एयर एम्बुलेंस क्रैश में सात लोगों की मौत के बाद राज्य सरकार सक्रिय हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी मंगलवार को चतरा सदर अस्पताल पहुंचे और स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।



स्वास्थ्य मंत्री ने जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक तौर पर मामला विमानन सुरक्षा मानकों और उड़ान संचालन प्रक्रिया से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। विशेषज्ञ टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। मंत्री ने बताया कि ब्लैक बॉक्स, फ्लाइट डेटा ● शेष पृष्ठ 11 पर

### उच्च न्यायालय पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**लखनऊ :** यौन उत्पीड़न के आरोप का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अब अपनी अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दस्तक दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। शंकराचार्य ने अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिये उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गयी है। जल्द ही इस पर सुनवाई हो सकती है।

## एआई जैसी उभरतीं प्रौद्योगिकियों के समुचित एकीकरण से पर्यटन अनुभव बेहतर होगा : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का समुचित एकीकरण पर्यटन अनुभव को अधिक सुगम, स्मार्ट और आकर्षक बना सकता है।

उपराष्ट्रपति मंगलवार को यहां आयोजित पर्यटन नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन यूएस-इंडिया पार्टनरशिप फोरम ने सांकला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर



उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र तेजी से डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में एआई, डेटा एनालिटिक्स, वर्चुअल रियलिटी तथा स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। इन तकनीकों के माध्यम से पर्यटकों को व्यक्तिगत सेवाएं, बेहतर मार्गदर्शन, सुरक्षित यात्रा और समृद्ध अनुभव प्रदान किये जा सकते हैं।

**एक झलक**

### उत्तर प्रदेश के मेरठ में आग लगने से छह की मौत

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित किदवई नगर इलाके में सोमवार देर रात एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गयी। मंगलवार को सभी का मुस्लिम रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राथमिक जांच में शार्टसर्किट से आग लगने की बात सामने आयी है।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कपड़ा व्यापारी इकबाल अहमद का तीन मंजिल का मकान किदवईनगर के इस्लामाबाद की गली नंबर तीन में स्थित है। इसमें उनके दो बेटे आसिम और फारूक सयुंक्त परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार रात को इकबाल अपने बेटों के साथ तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गये थे। इस दौरान घर अचानक आग लग गयी। उन्होंने बताया कि जब तक परिवारवाले कुछ समझ पाते तब तक पूरा मकान आग की चपेट में आ गया।

### भारतीय पर्वतारोहियों ने दक्षिण अमेरिका की माउंट एकांकागुआ पर फहराया तिरंगा

**छह सदस्यीय दल ने 22 फरवरी को दोपहर 2:10 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की**

**नयी दिल्ली :** भारतीय पर्वतारोहियों के छह सदस्यीय दल ने दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे शिखर और एशिया के बाहर दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ पर फतह हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह दल 05 फरवरी को हरी झंडी दिखा कर दिल्ली से रवाना किया था, जिसने 22 फरवरी को दोपहर 2:10 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। उत्तरकाशी के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) और पहलगाम के जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान (जेआईएम एंड डब्ल्यूएस) की ओर से यह संयुक्त अभियान संचालित किया गया।

## कोलकाता हाई कोर्ट समेत सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी**

**आसनसोल :** कोलकाता हाई कोर्ट सहित राज्य की सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से कोर्ट परिसरों में हड़कम्प मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बरतते हुए सभी जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

बम से उड़ाने की धमकी के बाद कोलकाता सहित राज्य के पांच जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। कोलकाता हाई कोर्ट के अलावा आसनसोल, दुगार्पुर, बहरमपुर, सिउड़ी, रामपुरहाट और अलीपुर अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। आसनसोल दुगार्पुर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ध्रुव दास ने बताया कि आसनसोल जिला अदालत में बम होने की सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता (बम स्कॉवड) की टीम को बुलाया गया तथा अदालत के लगभग सभी हिस्सों की जांच पड़ताल की गयी, लेकिन फिलहाल अभी तक कहीं पर भी विस्फोटक नहीं मिला है। पुलिस इसे लेकर एक मामला दर्ज करने जा रही है।

## राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतनेवाले खिलाड़ियों को 30 हजार पेंशन देगी सरकार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पेंशन देने का फैसला किया है। इससे सम्बन्धित प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी सहमति दी है। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 23 प्रस्ताव पेश किये गये। विचार-विमर्श के बाद कैबिनेट ने इसमें से 22 प्रस्तावों पर अपनी सहमति दी। एक प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया।





कैबिनेट में खेलकूद विभाग की ओर से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतनेवाले खिलाड़ियों को पेंशन देने का प्रस्ताव पेश किया गया था। इसमें अलग-अलग स्तर के खिलाड़ियों के कम से कम 12 हजार और अधिकतम 30 हजार रुपये पेंशन देने के मामले में कैबिनेट की सहमति मांगी गयी थी। कैबिनेट ने विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया। कैबिनेट में केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत रांची साइंस को साइंस सेंटर में अपग्रेड करने का प्रस्ताव पेश किया गया था। इसकी लागत 256 करोड़ रुपये आंकी गयी है। केन्द्र प्रायोजित इस योजना में 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार देगी। शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार देगी।

## प्रवर्तन निदेशालय का कोयला घोटाले में एलबी सिंह को समन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** कोयला घोटाले की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी एलबी सिंह को समन जारी किया है। उन्हें 27 फरवरी को रांची स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होकर पूछताछ में शामिल होने के निर्देश दिये गये हैं। ईडी ने एलबी सिंह के भाई कुंभनाथ सिंह को भी 24 फरवरी को पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन वह निर्धारित तिथि पर ईडी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए।



उल्लेखनीय है कि कोयला घोटाले की जांच के दौरान ईडी ने एलबी सिंह, कुम्भनाथ सिंह और अन्य सम्बन्धित लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान महत्त्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और लेन-देन से जुड़े कागजात जब्त किये गये थे। जांच एजेंसी को छापेमारी और पूर्व पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां मिली हैं। इन्हीं दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर एलबी सिंह को समन जारी किया गया है।

**अंदर के पन्नों पर**


3 अबुआ दिशोम बजट : सत्तापक्ष ने सराहा, विपक्ष...

5 बीसीसीएल एरिया-3 में सर्विस वैन पलटी...

7 समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश...

9 बिहार पुलिस सप्ताह-2026 की सामूहिक परेड में...

10 आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का पूरा...


**कार्टून कोना**





# कैबिनेट ने 9,072 करोड़ की तीन रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को रेल मंत्रालय की तीन महत्त्वपूर्ण मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 9,072 करोड़ रुपये है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा किया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीईए की हुई बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में गोंदिया-



जबलपुर दोहरीकरण, पुनारख-किऊल तीसरी एवं चौथी लाइन तथा गम्हरिया-चांडिल तीसरी एवं चौथी लाइन शामिल हैं। ये तीनों परियोजनाएं महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों को कवर करेंगी और इनके माध्यम से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

इन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं से लगभग 5,407 गांवों को बेहतर रेल सम्पर्क मिलेगा, जिनकी कुल आबादी करीब 98 लाख है। लाइन क्षमता में वृद्धि से परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम होगी। परियोजनाएं प्रधानमंत्री की 'न्यू इंडिया' की परिकल्पना के अनुरूप क्षेत्रीय विकास को गति देंगी और रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि कर स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगी। ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत एकीकृत योजना और बहु-मोडल सम्पर्क को ध्यान में रख कर तैयार की गयी हैं, जिससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही सुगम होगी। क्षमता विस्तार से जबलपुर स्थित कचनार शिव मंदिर, बालाघाट का कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, पेंच राष्ट्रीय उद्यान, धुआंधार झरना, चांडिल बांध तथा दलमा वन्यजीव अभयारण्य जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क और बेहतर होगा। ये मार्ग कोयला, इस्पात, लौह अयस्क, सीमेंट, फ्लाई ऐश, उर्वरक, खाद्यान्न और पेट्रोलियम पदार्थ (पीओएल) जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। क्षमता वृद्धि से लगभग 52 मिलियन टन प्रतिवर्ष अतिरिक्त माल ढुलाई सम्भव होगी। रेलवे के पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा दक्ष परिवहन साधन होने के कारण इन परियोजनाओं से देश की लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, तेल आयात में लगभग 06 करोड़ लीटर की बचत होगी तथा लगभग 30 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आयेगी, जो लगभग एक करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

### केरल का नाम बदल कर किया गया 'केरलम्'

**केन्द्र** सरकार ने केरल राज्य का नाम बदल कर 'केरलम्' किये जाने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राज्य का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पिछले साल जून में राज्य सरकार ने राज्य का नाम 'केरलम्' किये जाने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जायेगा। राष्ट्रपति इससे जुड़े विधेयक को आगे राज्य विधानसभा को उसका पक्ष जानने के लिए भेजेंगी। विधानसभा से उसका दृष्टिकोण मिलने के बाद इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद संसद में पेश किया जायेगा।

### कैबिनेट ने गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक अहमदाबाद मेट्रो विस्तार को दी मंजूरी, 1,067 करोड़ रुपये की परियोजना

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने मंगलवार को गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीएमआरसी) के मौजूदा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर को गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक 3.33 किलोमीटर विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग पर जर्जर सड़क बनी मौत का सबब प्रतिदिन हो रही है दुर्घटना

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग-बगोदर एन.एच-522 मुख्य मार्ग में वाहनों के अत्यधिक परिचालन एवं जर्जर सड़क से सड़क दुर्घटना अब आम सी हो गई है। मंगलवार को अमंगल घटना घटी। बता दें कि टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय विष्णुगढ़ में अध्ययनरत 17 वर्षीय छात्रा दिलनशीं परवीन पिता मो० अमीर हुसैन, नवादा, विष्णुगढ़ को लक्ष्मी रथ बस ने विष्णुगढ़ सात मील के पास पुल के आगे करीब ग्यारह बजे पूर्वाह्न को कॉलेज जा रही छात्रा को पीछे से अपनी चपेट में ले लिया, जिससे छात्रा बुरी तरह से घायल हो गई, आस-पास के लोगो एवं राहगीरो ने सड़क दुर्घटना की खबर स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने गंभीर रूप से जख्मी छात्रा को प्राथमिक उपचार को लेकर विष्णुगढ़ सीएचसी भेजा साथ हीं बस को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। विष्णुगढ़ सीएचसी में छात्रा का डॉक्टरों की निगरानी में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### चरही बैंक ऑफ इंडिया में आधार कार्ड सेंटर का उद्घाटन

**चरही** : बैंक ऑफ इंडिया में आधार कार्ड सेंटर का उद्घाटन किया गया। आधार कार्ड सेंटर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि चरही बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर सौरभ कुमार गौतम कुमार, रमणी कुमारी शेखर कुमार रमेश शर्मा विशाल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सीएससी संचालक पंकज कुमार ने बताया कि सीएससी सेंटर में लोगों को आधार कार्ड बनाने का सुविधा मिलेगा। चरही में आधार नहीं बनने से लोगों को दूसरे प्रखंड में जाना पड़ता था। अब लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। हमारे सीएससी सेंटर में जाति, आय, जन्म प्रमाण, मृत्यु प्रमाण पत्र समेत सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर सीएससी आधार कार्ड केंद्र संचालक प्रदीप ठाकुर, राकेश कुमार अरविंद कुमार, मौजूद थे।

### सिमरिया विमान हादसे पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने जताया शोक

**बरही** : चतरा जिले के सिमरिया में हुए दर्दनाक विमान हादसे में सात लोगों की मौत पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में एक चिकित्सक, एक पारा मेडिकलकर्मी, दो कैप्टन, एक मरीज तथा दो एटेंडेंट की मौत हो गयी, जिससे पूरे राज्य में शोक की लहर है। इस बाबत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद और हृदयविदारक घटना है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की जान गई है, वे सभी अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे थे। एक चिकित्सक और पारा मेडिकलकर्मी का इस प्रकार असमय निधन स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है, वहीं दो कैप्टन का निधन भी अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि मृतकों के परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**चरही** : चरही चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत भवन में 24-2-2026 और 25-2-2026 को दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया यह कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2025-26 में फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को फसल सुरक्षा और कृषि संबंधी जानकारी प्रदान करन है दो दिवसीय किसान प्रशिक्षण में खेती की नई तकनीकें, जैविक खेती, फसल सुरक्षा, और कृषि संबंधी जानकारी दी । किसानों को आधुनिक तरीकों से खेती करने और अपनी उपज बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। मुख्य रूप से शामिल चुरचू जिला पार्षद वासुदेव करमाली, चोलेस्वर महतो उद्यान मित्र चुरचू, पंचायत के गण मान्य किसान उपस्थित थे।

# सबरी जयंती पर झुमरा शिव मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग)** : दारू प्रखंड क्षेत्र के झुमरा स्थित शिव मंदिर से मंगलवार को शबरी जयंती के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मेढ़कुरी सिवाने नदी तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके पश्चात जल से भरे कलश को पुनः शिव मंदिर लाकर विधिवत स्थापित किया गया। इस पावन आयोजन में प्रखंड के विभिन्न गांवों से भुइयां समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण का



अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुसज्जित मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भक्तिमय गीतों और नृत्यों से समां बांध दिया। शाम के समय शबरी माता की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शबरी माता की जय और 'जय श्री राम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य गीता देवी, जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, खरिका पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभात सिंह, अध्यक्ष बबलू राम, पिंटू राम, मोहन राम, प्रमोद राम, पप्पू राम, अनुज राम, सूरज राम सहित प्रखंड के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## माता सबरी की 75वीं जयंती भुईयां समाज के लोगों ने बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनायी

**विष्णुगढ़** : प्रखण्ड के विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह में भगवान श्री राम की अनन्य भक्त माता सबरी की 75 वी जयंती भुईयां समाज के लोगो द्वारा बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भुईयाँ समाज के अध्यक्ष हरलाल भुईयाँ ने माता सबरी के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर राम दरबार लगाकर माता शबरी की पूजा कर उन्हें बेर का भोग लगाकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरलाल भुईयां ने कहा कि भगवान श्री राम के प्रति श्री राम की अनन्य भक्त माता शबरी का निश्चल प्रेम और प्रतीक्षा की कोई दूसरी मिसाल नही दी जा सकती है। माता सबरी और प्रभु श्री राम हमारे आदर्श हैं। यह कार्यक्रम भुईयां समाज के जिला अध्यक्ष बालगोविंद राम के नेतृत्व में किया



गया। जिला अध्यक्ष बालगोविंद राम ने कहा कि हर वर्ष भुईयां समाज के लोगों द्वारा माता सबरी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जायेगा। माता सबरी की जयंती उत्सव के मौके पर मुख्य रूप से गणेश राम, भोला राम, महावीर राम, मोहन राम, शंकर भुईयां, कारू भुईयां, बासुदेव भुईयां, अंशु कुमार, बालों राम, जिवाधन भुईयां, संदीप कसेरा, उमेश सोनी, गुड़िया देवी, प्रियंका कुमारी, मुन्दरी देवी, पार्वती देवी, बसंती देवी, शोभा देवी, चिंता देवी समेत सैकड़ों की संख्या में भुईयां समाज के लोग शामिल थे।

## तीन विद्यालयों को एनटीपीसी ने उपलब्ध कराया खेल किट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल व बरही विधायक मनोज यादव के प्रयास से एनटीपीसी द्वारा बरही क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में खेल किट उपलब्ध कराया गया। इसके तहत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही एवं प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा को खेल सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, बरही पूर्वी मंडल प्रतिनिधि मोतीलाल



चौधरी, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम मुख्य रूप से उपस्थित थे। सांसद व विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि बहुत जल्द परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू कराने का प्रयास सांसद हजारीबाग व बरही विधायक के द्वारा किया जा रहा है जो जल्द ही प्लस टू परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हो जायेगा। विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि सांसद मनीष जयसवाल शिक्षा के साथ-साथ खेल के विकास के प्रति भी प्रतिबद्ध हैं। विद्यार्थियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस प्रकार की पहल से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी व मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने संयुक्त रूप से कहा कि एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई खेल सामग्री से विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और छात्र-छात्राएं जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## उत्तरी शिवपुरी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा भंडारे के साथ सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी** : प्रखंड के उत्तरी शिवपुरी कृष्णा नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ बुधवार को संपन्न हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया गया। विद्वान पंडितों ने विधि-विधान से हवन कर पूर्णाहुति दी। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र व परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। हवन के दौरान पूरा क्षेत्र शुद्धता और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व कथा के अंतिम दिन कथावाचक आँसू कृष्ण



शास्त्री की भावपूर्ण वाणी, मधुर भजनों और राधा-कृष्ण की होली गीतों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समापन अवसर पर पूरा परिसर राधे-राधे और हरे कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कई श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल लगाकर आध्यात्मिक होली की अनुभूति की, जिससे वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। कथावाचक ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रमुख प्रसंगों भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, भक्त प्रह्लाद, गोवर्धन लीला, रासलीला और सुदामा चरित्र का रोचक और प्रेरक ढंग से वर्णन किया। प्रवचनों में भक्ति के साथ-साथ प्रेम, करुणा, सामाजिक सद्भाव और मानवता का संदेश प्रमुख रहा, जिसे श्रोताओं ने गहराई से आत्मसात किया कथा के दौरान वृंदावन से आये अभिषेक शास्त्री जी वृजवेषरी जी, यज्ञाचार्य अंकित द्विवेदी जी ने मंत्रोच्चारण किया। वहीं कटकमसांडी सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरु ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का संदेश देती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कथा से प्राप्त ज्ञान, भक्ति और सदाचार को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न कराने में शिवकुमारी, कमला पांडेय, बबिता देवी, सुनील सिंह, सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरु, विष्णुदत्त पांडेय, रामकुमार सिंह, ब्रजेश बिहारी, वीणा देवी, ममता देवी, रीता देवी, का अहम योगदान रहा।

## कोनार डैम में सीएसआर वार्षिक बैठक आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखण्ड के डीवीसी कोनार डैम स्थित सीएसआर कार्यालय में विस्थापित ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लेकर वार्षिक सीएसआर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड के जिला पार्षद मध्य शेख तैय्यब एवं संचालन सीएसआर प्रोजेक्ट ऑफिसर सुनील कुमार ने किया। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्षेत्र से ग्रामीण विकास से जुड़े कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए और उन्हें डीवीसी चेयरमैन को अग्रसारित किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर एवं हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी, किसानों को हल उपलब्ध कराया जाएगा, गांवों में पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाएगा तथा पेयजल सुविधा के लिए डीप बोरिंग की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही कोनार डैम डीवीसी अस्पताल में कुत्ता एवं सांप काटने की दवा उपलब्ध रखने पर भी सहमति बनी। बैठक के दौरान महमूद आलम (मुख्य संयोजक, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा) ने ग्रामीण हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने मांग की कि गरीब एवं विस्थापित ग्रामीणों के लिए मोतियाबिंद सहित आंखों के ऑपरेशन की स्थायी व्यवस्था कोनार डैम एवं बोकारो थर्मल डीवीसी अस्पताल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही सुदूर गांवों में खेल सामग्री उपलब्ध कर युवाओं को खेलकूद से जोड़ने और नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने पर भी जोर दिया। बैठक में विस्थापित समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दिनेशर मंडल, सांसद प्रतिनिधि डूमरचंद महतो, नागी मुखिया कुंवर हंसदा, डॉ० बैजनाथ मंडल, गोमिया प्रखंड विस्थापित प्रतिनिधि नवल कुमार सिंह, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सिकंदर साव, गोमिया विधायक सह मंत्री प्रतिनिधि टूकन महतो, विस्थापित प्रतिनिधि महमूद आलम, असैनिक विभाग के चंद्रशेखर प्रसाद एवं नुनु गोपाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल ने स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत चानो पंचायत बनासो मुख्य मार्ग स्थित पिनेकल इग्नाइटेड माइंड्स स्कूल का दूसरा स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआई मिथलेश कुमार महतो, विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार, डायरेक्टर कौलेश्वर महतो, कन्वेनर हाजी शबीर अंसारी, हाफिज कमरुद्दीन अंसारी, भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार, दीपचंद महतो, अभिषेक कुमार एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एसआई मिथलेश कुमार महतो को विद्यालय निदेशक कौलेश्वर महतो एवं कन्वेनर हाजी शबीर अंसारी द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य संगीत, कॉमेडी, स्पीच, कविता प्रस्तुत किए। छोटे छोटे बच्चों द्वारा



पर्यावरण संरक्षण, जल जंगल जमीन बचाओ, बाल विवाह, नशा से दूरी, उच्च शिक्षा हेतु कॉमेडी कला के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों को जागरूकता का संदेश देते हुए सबका मन मोह लिया। एसआई मिथलेश कुमार महतो ने विद्यालय के दूसरे स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बड़े शहरों के जैसा ग्रामीण क्षेत्र में भी बेहतर शिक्षा का माहौल तैयार हो रहा है। शिक्षा का हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखता है। शिक्षा व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ाती है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाती है। मौके पर विद्यालय प्राचार्य संजय कुमार ने संबोधित करते हुए विद्यालय के दूसरे स्थापना दिवस पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा के साथ साथ खेल कूद, नृत्य संगीत, योगा हमेशा करवाया जाता है। बच्चों को शिक्षा खेलकूद, नृत्य संगीत में आगे बढ़ाने के लिए हर प्रकार से कोशिश रहती है। विद्यालय निदेशक कौलेश्वर महतो ने कहा कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए शिक्षक के साथ साथ अभिभावक भी ध्यान दें।

## विभावि राजनीति विज्ञान विभाग में दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में नये नामांकित विद्यार्थियों के 'दीक्षारंभ कार्यक्रम' (Induction Meet) के तहत मंगलवार को विश्वविद्यालय के गोस्वामी तुलसीदास केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थी लगभग एक घंटा केन्द्रीय पुस्तकालय में बितायें। इसकी जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि नैक नियमावली का पालन करते हुए सत्र 2025-27 के लिए नव-नामांकित विद्यार्थियों को विभाग से तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग एवं संभाग से परिचित कराया जाना है। इसी कड़ी में आज प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों को गोस्वामी तुलसीदास केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। भ्रमण से पूर्व केंद्रीय पुस्तकालय के निदेशक डॉ. राजेंद्र मिस्त्री से इसकी



अनुमति ली गयी। निदेशक महोदय ने भ्रमण से संबंधित सारी औपचारिकताओं को पूर्ण करने में सहयोग किया। डॉ राजेंद्र मिस्त्री के सहयोग से विद्यार्थियों ने केंद्रीय पुस्तकालय का अखबार तथा पत्रिका संभाग, साइबर लाइब्रेरी संभाग, राजनीति विज्ञान संभाग तथा पठन-पाठन संभाग का भ्रमण किया। विभाग की ओर से शोधार्थी रवि कुमार विश्वकर्मा, इनामुल अंसारी, जाकिर अंसारी, अनन्या शर्मा, चंचल कुमारी, स्वाती कुमारी तथा श्वेता कुमारी ने विद्यार्थियों को केंद्रीय पुस्तकालय के विभिन्न संभागों से परिचित कराया।

## राज्य बजट आंकड़ों का मायाजाल, जनता के मुद्दों से कोसों दूर : मनोज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : विधायक मनोज कुमार यादव ने राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आंकड़ों का मायाजाल करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट के माध्यम से विकास के बड़े-बड़े दावे तो किए हैं, लेकिन वास्तविकता में यह बजट राज्य की ज्वलंत समस्याओं के समाधान से पूरी तरह कटा हुआ है। विधायक श्री यादव ने कहा कि झारखंड आज बेरोजगारी, पलायन और किसानों की बदहाली जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन प्रस्तुत बजट में इन मुद्दों के समाधान के लिए कोई ठोस और प्रभावी योजना नहीं दिखाई देती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। मनोज कुमार यादव ने कहा कि यह बजट युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह विफल साबित होगा। राज्य के लाखों शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार की स्पष्ट दिशा और अवसर नहीं मिल पाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों के हित में भी कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, सिंचाई व्यवस्था के विस्तार और कर्ज से राहत जैसे मुद्दों पर बजट मौन है। इससे किसानों पर कर्ज का बोझ और बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की बुनियादी सुविधाओं सड़क, बिजली और स्वास्थ्य की अनदेखी की गई है।

## अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने वाला बजट : विकास राणा



**झारखण्ड** मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति सदस्य विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा पेश किया गया बजट समाज के सभी वर्ग के अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने वाला बजट है। झारखण्ड के विकास को अग्रसर करने वाला बजट है। महिला सशक्तीकरण, शिक्षा, ग्रामीण विकास, स्वास्थ सभी बातो को ध्यान में रखते हुए जनता के ऊपर किसी प्रकार का बोझ नहीं डालते हुए एक विकासोन्मुखी बजट पेश किया गया है जो काफी सराहनीय है। राज्य के हेमन्त सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार दूरदर्शिता की सोच वाली गम्भीर और जवाबदेही के साथ राज्य को इस बजट के माध्यम से विकसित करने की ओर अग्रसर है।

## अदाणी फाउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों को वितरित किया पोषण किट

- टीबी पोषण वितरण कार्यक्रम का पांचवां शिविर आयोजित
- उपचार के दौरान संतुलित आहार पर दिया गया विशेष जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)** : अदाणी फाउंडेशन की ओर से टीबी पोषक आहार वितरण कार्यक्रम के पांचवें चरण के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को 80 मरीजों के बीच पोषण किट वितरित किए गए। इसका उद्देश्य मरीजों के उपचार एवं शीघ्र स्वस्थ होने की प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करना था। शिविर का आयोजन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंजू प्रभा की उपस्थिति में किया गया, जिसमें सीएसआर टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. अंजू प्रभा ने टीबी रोग के लक्षण, बचाव के उपाय एवं उपचार अवधि में संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नियमित दवा सेवन और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर विशेष बल दिया, जिससे पूर्ण रूप से स्वस्थ होने में सहायता मिल सके।



### जागरूकता सामग्री का वितरण

**शिविर** के दौरान टीबी जागरूकता, सावधानियों एवं पोषण संबंधी मार्गदर्शन से संबंधित सूचना-पत्र भी मरीजों के बीच वितरित किये गये, ताकि दी गई जानकारियों को वे व्यवहार में ला सकें। कार्यक्रम के अंत में यह भी घोषणा की गई कि इस चरण का अगला एवं अंतिम शिविर 17 मार्च 2026 को आयोजित किया जायेगा। सभी लाभार्थियों को समय पर उपस्थित होकर सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने की सलाह दी गयी।


### क्षेत्र में जारी हैं सीएसआर के तहत अन्य कार्य भी

**अदाणी** फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, पोषण एवं जागरूकता अभियान, स्कूलों में शैक्षणिक सहयोग, महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम तथा कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी पहलें शामिल हैं।

# महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और पर्यटन को नयी उड़ान देता झारखंड का बजट : कुणाल यादव


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखंड सरकार द्वारा पेश किये गये संतुलित बजट की सराहना करते हुए पार्टी जिला प्रवक्ता कुणाल यादव ने इसे राज्य के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उनके ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बजट विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा सुधार और पर्यटन विकास को नई गति देने वाला है। जिला प्रवक्ता ने कहा कि बजट में महिला खुशी योजना के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक मजबूती की दिशा में क्रांतिकारी पहल है। इससे राज्य की




हजारों महिलाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री एक्सीलेंस योजना के तहत 100 स्कूलों को अपग्रेड करने का निर्णय शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय राज्य के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएंगे, जिससे प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में उनकी भागीदारी और सफलता दर बढ़ेगी। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए देवघर, रजरप्पा और नेतरहाट जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों के आधुनिकीकरण का निर्णय भी सराहनीय बताया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि इससे न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। हालांकि उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा मनरेगा का 5640 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ राज्य पर डालना और 11,000 करोड़ रुपये के टैक्स बकाया का भुगतान नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह राशि झारखंड के गरीब और जरूरतमंद लोगों के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रही है। जिला कमेटी की ओर से केंद्र सरकार से मांग की गई है कि झारखंड के गरीबों और मजदूरों के हित में लंबित राशि का तत्काल भुगतान किया जाये, ताकि राज्य सरकार विकास योजनाओं को और गति दे सके।

## झारखंड सरकार ने संतुलित बजट को पेश किया : गणेश कुमार



**सीटू** जिला सचिव सीपीएम गणेश कुमार ने कहा झारखंड सरकार ने संतुलित बजट को पेश किया है। इस बजट में महिला खुशी योजना के लिए 25 करोड़ रूपया और मुख्यमंत्री एक्सीलेंस 100 स्कूल को अपग्रेड करने का फैसला लिया है। यह महिला और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम है। देवघर, रजरप्पा, नेतरहाट जैसे टूरिस्ट प्लेस को आधुनिक कारण करने का फैसला भी शानदार है। चिंता की बात यह है कि केंद्र सरकार मनरेगा का ओवर बडेन 5640 करोड़ राज्य पर डाल दिया है और टैक्स का बकाया 11000 करोड़ नहीं दे रही है।

## घोषणाओं का पुलिंदा, जनता को नहीं मिली राहत : रागिनी सिंह



**झरिया (धनबाद)** : झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किये गये बजट को लेकर सियासत तेज हो गई है। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बजट को राज्य की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल घोषणाओं और आंकड़ों का दस्तावेज बनकर रह गया है, जिसमें जमीनी समस्याओं के समाधान की स्पष्ट दिशा नहीं दिखती। रागिनी सिंह ने बयान जारी कर कहा कि राज्य की जनता को इस बजट से महंगाई, बेरोजगारी, बदहाल शिक्षा व्यवस्था, जर्जर स्वास्थ्य ढांचे और किसानों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद थी। लेकिन प्रस्तुत बजट में न तो युवाओं के लिए रोजगार की ठोस योजना है, न किसानों के लिए स्पष्ट राहत पैकेज और न ही महिलाओं, छात्रों तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए कोई प्रभावी प्रावधान। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतिगत अस्पष्टता और विभागों के बीच तालमेल की कमी बजट में साफ दिखाई देती है। जनता अब खोखले वादों से संतुष्ट नहीं होगी। उसे जमीनी काम, पारदर्शिता और जवाबदेही चाहिए, उन्होंने कहा। विधायक ने यह भी कहा कि आने वाले समय में विपक्ष जनता की आवाज को सदन से सड़क तक उठाने का काम करेगा। बजट को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बहस और तीखी होने के आसार हैं।

## एक झलक

### मुगमा एरिया ऑफिस के समक्ष 36वें दिन भी डटे मजदूर, गेट जाम की चेतावनी

**निरसा (धनबाद) :** एगरकुंड प्रखंड स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के मुगमा एरिया ऑफिस के समक्ष यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले जलकुली मजदूरों का अनिश्चितकालीन आंदोलन सोमवार को 36वें दिन भी जारी रहा। सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय के नेतृत्व में मजदूर प्रबंधन के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। अब तक प्रबंधन के साथ दो दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। गोपाल राय ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं हुई तो एरिया ऑफिस का मुख्य गेट पूरी तरह जाम कर दिया जाएगा। मजदूरों का आरोप है कि 1980 से सेवा दे रहे कर्मियों को अचानक हटाया जाना अन्यायपूर्ण है। यूनियन की मांग है कि शेष 85 मजदूरों को प्रति व्यक्ति 50 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। सांसद के हस्तक्षेप के बावजूद समाधान नहीं निकलने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### पाथरडीह थाना में शांति समिति की बैठक

**पाथरडीह (धनबाद) :** होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को पाथरडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अंशु कुमार ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रंगों का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। थाना प्रभारी ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंग करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। उन्होंने झरियाझसिंदरी मुख्य सड़क पर लहरिया कट बाइक चलाने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### जनता दरबार में मुआवजा, प्रमाण पत्र व उत्पीड़न के मामले उठे

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि अधिग्रहण मुआवजा, प्रमाण पत्र निर्गमन, भूमि विवाद और उत्पीड़न से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने आए। रोहड़ा बांध बस्ती से आए एक आवेदक ने सेल द्वारा अधिग्रहित जमीन के बदले मुआवजा राशि और नियोजन की मांग रखी। कंचनपुर की पूजा कुमारी ने ओबीसी प्रमाण पत्र बनाने में हो रही देरी की शिकायत की। पूर्वी टुंडी के अर्जुन कुमार ने रैयती जमीन पर घर निर्माण में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया। वहीं अमलाटांड़ के मोहम्मद हसन अंसारी ने शौचालय तोड़ने, बिजली काटने और रंगदारी मांगने की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामलों की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी शिकायतों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### डीडीसी सन्नी राज ने फल, सब्जी व फूलों की उन्नत खेती पर दिया जोर

**धनबाद :** गोविंदपुर स्थित समेकित ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला को मॉडल कृषि केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। मंगलवार को उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने पाठशाला का निरीक्षण कर यहां फल, सब्जी और फूलों की व्यावसायिक खेती शुरू करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने गाय पालन, बत्तख पालन, मत्स्य पालन एवं फसल उत्पादन जैसी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, केला, पपीता, गन्ना, टमाटर, बैंगन, खीरा, करेला और तरबूज के पौधों का रोपण कराने का निर्देश देते हुए कहा कि कृषक पाठशाला को बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, ताकि किसानों को आधुनिक और लाभकारी खेती की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही मेरीगोल्ड, गुलाब एवं अन्य सुगंधित फूलों की खेती शुरू करने पर भी बल दिया गया। डीडीसी ने कहा कि फूलों की खेती किसानों की आय बढ़ाने का बेहतर माध्यम बन सकती है। उन्होंने बकरी, मुर्गी एवं सूकर पालन की गतिविधियां शीघ्र प्रारंभ करने, परिसर में साफ–सफाई सुनिश्चित करने तथा उच्च गुणवत्ता वाली फसलों के उत्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद डीडीसी ने प्रखंड परिसर में निर्माणाधीन पौधा संरक्षण केंद्र का भी जायजा लिया और कार्य में तेजी लाने को कहा। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीसीसीएल एरिया-3 में सर्विस वैन पलटी, आधा दर्जन मजदूर घायल



शोक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बीसीसीएल एरिया-3 के आकाश किनारी कोलियरी अंतर्गत कैलूडीह छाताबाद में संचालित एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी का मजदूरों से भरा एक सर्विस वैन मंगलवार को अकस्मात पलट गया। हादसे में ड्यूटी पर जा रहे तकरीबन आधा दर्जन मजदूरों के घायल होने की सूचना है। घटना के बाद कंपनी में कर्मियों की सुरक्षा और प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना में मो. जाहिद, सुमित कुमार, दुलाल, बबलू अंसारी सहित अन्य मजदूरों के घायल होने की बात सामने आई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों की मदद से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां समाचार लिखे जाने तक उनका इलाज जारी था।

**आउटसोर्सिंग प्रबंधक ने घटना से किया इनकार**

**हादसे** की सूचना पर आउटसोर्सिंग प्रबंधक वाई.के. सिंह मौके पर पहुंचे और दूर से घटनास्थल का जायजा लिया। हालांकि मीडिया के सवालों पर उन्होंने घटना से ही इनकार कर दिया और बिना स्पष्ट जवाब दिये वहां से रवाना हो गये। इस रवैये को लेकर मजदूरों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। दूसरी ओर, घटनास्थल की तस्वीरें, वीडियो और अस्पताल में इलाजरत घायल मजदूर हादसे की पुष्टि कर रहे हैं। ऐसे में प्रबंधन के इनकार से कंपनी के प्रति अविश्वास और आक्रोश बढ़ता नजर आ रहा है। मौके पर मौजूद बीसीसीएल की सेफ्टी मैनेजमेंट टीम के सदस्य आर.के. तिवारी ने बताया कि करीब छह लोग घायल हुए हैं और उन्हें निजी अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि घटना की जवाबदेही आउटसोर्सिंग प्रबंधन और संचालक की है, क्योंकि मजदूरों से बिना समुचित सुरक्षा उपकरण के काम लिया जा रहा है। कुछ मजदूरों ने आरोप लगाया कि वे पिछले तीन वर्षों से यहां कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें एचपीसी के अनुरूप वेतन नहीं मिल रहा और न ही कंपनी द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि वे अपने निजी जूते और अन्य सामग्री का उपयोग करने को मजबूर हैं।

**बिना अनुमति आम सड़क पर दौड़ते हैं भारी वाहन**

**स्थानीय** लोगों का आरोप है कि कंपनी बिना अनुमति के पीडब्ल्यूडी की आम सड़क पर भारी वाहनों का संचालन कर रही है। वाहनों में ओवरलोड ओबीआर भरकर कतरास-भटमुरना मुख्य मार्ग पार कराया जाता है, जिससे हमेशा जानलेवा हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों का सवाल है कि यदि कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा...? इस घटना ने एक बार फिर आउटसोर्सिंग कंपनियों में मजदूरों की सुरक्षा, अधिकारों और प्रबंधन की संवेदनशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

## 10 वर्षीय बच्ची की मौत के बाद जागा प्रबंधन, अवैध डिपो जानेवाला रास्ता बंद



**झरिया (धनबाद) :** झरिया थाना क्षेत्र के लिलोरी पथरा बलुगड्डा में अवैध कोयला ढुलाई ने एक मासूम की जान ले ली। रविवार देर रात अवैध कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से 10 वर्षीय मुस्कान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद सोमवार को अचानक प्रशासन और प्रबंधन हरकत में आ गया और अवैध डिपो जाने वाले मार्ग को बंद करा दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कोयला डिपो संचालित हो रहा था और रात के अंधेरे में भारी वाहनों की आवाजाही आम बात थी। कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लेकिन एक बच्ची की मौत के बाद प्रबंधन ने त्वरित कदम उठाते हुए रास्ते को ओपी क्षेत्र से बंद करा दिया और डिपो में जमा कोयले को उठाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। मौके पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडेंट आशुतोष कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने परियोजना क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

रास्ता बंद किये जाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है और वर्षों से वे परियोजना क्षेत्र की जोड़िया के पानी का उपयोग नहाने-धोने व घरेलू कार्यों के लिए करते आ रहे हैं। मार्ग बंद होने से उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। कुछ समय के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई, हालांकि समझाइश के बाद मामला शांत कराया गया।

**सवालों के घेरे में व्यवस्था**

घटना ने एक बार फिर अवैध कोयला कारोबार और प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि पहले ही सख्ती बरती जाती तो मासूम की जान बचाई जा सकती थी। मीडिया द्वारा पूछे जाने पर बीसीसीएल के डीटी संजय कुमार सिंह ने इस मामले में टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। मुस्कान की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है, वहीं लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से स्वीपर की मौत, पुत्र को तत्काल नियोजन

**जोरापोखर (धनबाद) :** लोदना कोलियरी कार्यालय में स्वीपर के पद पर कार्यरत 56 वर्षीय गोपी हाड़ी मंगलवार को ड्यूटी के दौरान अचानक बीमार पड़ गए। उन्हें तुरंत जियलगोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति गंभीर बताकर केंद्रीय अस्पताल रेफर किया। उपचार के दौरान गोपी हाड़ी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने मृतक के आश्रित पुत्र अजय हाड़ी के लिए तत्काल नियोजन की मांग को लेकर प्रबंधन से वार्ता की। क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अरिंदो कुंडू ने मृतक की पत्नी से सहमति लेने के बाद अजय हाड़ी को नियोजन पत्र सौंपा। इस कार्रवाई के बाद मोर्चा द्वारा प्रस्तावित आंदोलन समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर नगर निगम चुनाव के मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह भी क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे और मृतक के परिवार से मिलकर सांत्वना दी तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मृतक के पीछे पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं। मोर्चा के नेताओं में बिहारीलाल चौहान, ललन पासवान, इस्माइल मल्लिक, अनिल सिंह, ध्रुव हरि, शिव पासवान, संजय यादव, सुभाष उपाध्याय, राजाराम भुइयां, नौशाद अंसारी और प्रजा पासवान सक्रिय रहे।

## कुएं में तैरता मिला युवक का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**पाथरडीह (धनबाद) :** पाथरडीह के सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनबाजार स्थित पथरकड्डा मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय गणेश रवानी उर्फ बबुआ का शव मंगलवार को पास के एक कुएं में तैरता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक पिछले आठ दिनों से घर से लापता था। परिजनों द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने कुएं में एक शव तैरता देख इसकी सूचना परिवार वालों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान गणेश रवानी के रूप में की। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही सुदामडीह थाना पुलिस के अवर निरीक्षक मो. अफरोज दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक डेकोरेटर में मजदूरी का काम करता था। वह अविवाहित था और शराब का सेवन करता था। फिलहाल पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## हरिहरपुर में सड़क हादसा, बाइक चालक की मौत, टेलर चालक फरार

**बाघमारा (धनबाद) :** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के सतकिरा स्थित दुन पब्लिक स्कूल के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक और तेज रफ्तार टेलर की भिड़ंत हुई। जानकारी के अनुसार, बाइक (संख्या खल 11 अऊ5409) पर सवार पति-पत्नी राज धनवार से धनबाद जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही टेलर गाड़ी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति सीधे टेलर की चपेट में आ गए। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत धनबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। टेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने टेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई है।

## सिन्दरी के व्यवसायी प्रमोद व विनोद गोयल को मातृ शोक

**सिंदरी (धनबाद) :** स्थानीय व्यवसाय जगत में शोक की लहर है। सिंदरी के जाने-माने व्यवसायी प्रमोद गोयल और विनोद गोयल की माता, 90 वर्षीय श्रीमती शकुंतला देवी का हृदयगति रुकने से उनके आवास पर निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं। श्रीमती शकुंतला देवी अपने पीछे पुत्र, पुत्री, दामाद और विस्तृत परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर गौशाला के व्यवसायियों ने घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रमेश शर्मा और गोपाल बनर्जी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नगर निगम चुनाव ड्यूटी पर जैप जवान लापता, डीएसपी ने शुरू की जांच

**जोड़ापोखर (धनबाद):** नगर निगम चुनाव के दौरान जोड़ापोखर में तैनात झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) का जवान सिपरियान सोरेंग अचानक लापता हो गया। मामला मंगलवार को सामने आया, जब डीएसपी ने घटना की जांच के लिए जोड़ापोखर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी उदय कुमार से विस्तृत जानकारी ली। थाना प्रभारी के अनुसार, जवान 21 फरवरी को अपनी टीम के साथ डिगवाडीह स्थित राजीव गांधी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में पहुंचा और वहीं ठहरा। 22 फरवरी की सुबह करीब 8:15 बजे सिपरियान ने अपना हथियार कॉलेज में ही छोड़कर बाहर निकला, लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। उसके साथ तैनात अन्य जवानों ने इसकी सूचना दी। जवान की अनुपस्थिति तब सामने आई, जब मतदान केंद्रों पर रवाना होने की तैयारी शुरू हुई। अधिकारियों ने इसे गंभीर मामला बताते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है। पुलिस और जैप विभाग के उच्च अधिकारी मामले की छानबीन में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों में भी जवान के अचानक लापता होने को लेकर चिंता व्याप्त है। पुलिस संभावित हर पहलू को लेकर तलाश अभियान चला रही है और आसपास के क्षेत्रों में सिपरियान की खोज जारी है। जांच में जुटे अधिकारी फिलहाल मामले को संवेदनशील मानते हुए सभी जरूरी सुराग जुटा रहे हैं और जवान की सुरक्षित वापसी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# 1019 बूथों की मतपेटियां स्ट्रांग रूम में सील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद के 1019 बूथों की मतपेटिकाएं कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित रिसीविंग सेंटर पहुंचाई गईं। देर रात तक चली प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद सभी मतपेटिकाओं को निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर सुबह करीब 3:30 बजे सील कर दिया गया। प्रशासन की ओर से वार्डवार अलग-अलग स्ट्रांग रूम चिह्नित किए गए थे। धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 55 तक तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 21 तक की मतपेटिकाओं को संबंधित कमरों में रखा गया। प्रत्येक चरण में विधिवत मिलान और अभिलेखीय प्रक्रिया पूरी की गई। स्ट्रांग रूम सीलिंग की प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, महापौर पद



के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस दौरान महापौर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों तथा वार्ड पार्षद प्रतिनिधियों को भी मौजूद रहने का अवसर दिया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। मतगणना की तिथि तक स्ट्रांग रूम को थ्री-लेयर सिक्योरिटी में रखा गया है। आंतरिक सुरक्षा में झारखंड आर्म्ड पुलिस की तैनाती की गई है, जबकि बाहरी दो घेरों में जिला पुलिस बल निगरानी कर रहा है। परिसर में चौबीसों घंटे निगरानी और प्रवेश पर कड़ी रोक रहेगी। प्रशासन ने कहा है कि मतगणना तक सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जायेगी और सभी राजनीतिक दलों को निर्धारित समय पर निरीक्षण की अनुमति दी जायेगी।

## मतगणना कर्मियों का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न



**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को मतगणना कार्य के लिए काउंटिंग सुपरवाइजर और काउंटिंग असिस्टेंट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न कराया गया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह रेंडमाइजेशन राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया। प्रक्रिया की निगरानी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने की। उनके साथ उप विकास आयुक्त सन्नी राज, संबंधित आरओ, एआरओ और डीआईओ भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि रेंडमाइजेशन का उद्देश्य मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है, ताकि किसी भी प्रकार की पक्षपात या अनियमितता की संभावना समाप्त हो सके। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने संबंधित कर्मियों को मतगणना दिवस के लिए सतर्क रहने और आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया है। नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां लगातार तेज हो रही हैं।

## झारखंड के हर जिले में बनेगा पिकल बॉल संगठन : बी. सुधीर

**धनबाद :** झारखंड में पिकल बॉल खेल को संगठित रूप देने की दिशा में पहल तेज हो गई है। झारखंड पिकल बॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी. सुधीर ने कहा कि खेल को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राज्य के सभी जिलों में सक्रिय जिला संगठन गठित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उचित प्रशिक्षण और मंच की है। इसी कड़ी में रांची जिला पिकल बॉल एसोसिएशन का विधिवत गठन किया गया है। नवगठित इकाई का उद्देश्य खिलाड़ियों को संगठित करना, नियमित प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना और जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रतियोगिताओं में सहभागिता सुनिश्चित करना है। बी. सुधीर ने कहा कि धनबाद समेत अन्य जिलों में भी शीघ्र जिला इकाइयों का गठन किया जायेगा। ओमकार मिश्रा ने सरकार से मांग की कि पिकल बॉल खिलाड़ियों को बेहतर मंच और प्रोत्साहन दिया जाये, क्योंकि हालिया प्रतियोगिताओं में झारखंड के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## बच्चा चोरी की अफवाह पर भीड़ का हमला, तीन गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा (धनबाद) :** बच्चा चोरी की अफवाह फैलाकर दो युवकों की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। घटना रविवार रात करीब 9:30 बजे डालूडीह पुल के पास की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डब्लू महतो ने राजगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि वह अपने साले दीपक महतो के साथ रात में टहल रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें बच्चा चोर होने की अफवाह फैलाते हुए घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और दोनों युवकों के साथ हाथापाई की गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों को भीड़ के चंगुल से मुक्त कराया। घायल अवस्था में उन्हें कतरास स्थित उमाशंकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मंगलवार को पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए नामजद आरोपी विनय मिस्त्री (56 वर्ष), आकाश तुरी (21 वर्ष) और सोनू तुरी (25 वर्ष) को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान बड़ी संख्या में उनके परिजन सुबह से ही थाना परिसर में जुटे रहे और रिहाई की मांग करते नजर आये। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

# संघर्ष की मशाल थे गोधर के शहीद नेपाल रवानी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** संघर्ष और बलिदान की धरती झारखंड ने एक से बढ़कर एक वीर सपूत दिए हैं। बिरसा मुंडा से लेकर बिनोद बिहारी महतो और शिबू सोरेन तक की परंपरा में गोधर के शहीद नेपाल रवानी का नाम भी पूरे सम्मान के साथ लिया जाता है। झारखंड आंदोलन के उग्र दौर में उन्होंने कोयलांचल की धरती पर जनसंघर्ष की ऐसी मशाल जलाई, जो आज भी लोगों के दिलों में जल रही है।

**गांव-गांव तक पहुंचाया आन्दोलन का अलख**

**संयुक्त** बिहार के समय जब अलग राज्य की मांग जोर पकड़ रही थी, तब नेपाल रवानी ने आंदोलन को सिर्फ मंचों तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने गांव-गांव जाकर जल, जंगल, जमीन और हक-अधिकार की लड़ाई को जनांदोलन का रूप दिया। दबंगों, सूदखोरों और महाजनी प्रथा के खिलाफ उन्होंने खुलकर आवाज उठाई। बताया जाता है कि उन्होंने आंदोलन के दिग्गज नेता ए.के. राय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष को धार दी।

**25 फरवरी 1990 : जब गोलियों ने थाम दी आवाज**



60-70 के दशक से ही शोषण और अन्याय के खिलाफ सक्रिय नेपाल रवानी की 25 फरवरी 1990 की रात गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना से धनबाद समेत पूरे कोयलांचल क्षेत्र में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई। हजारों लोगों की भीड़ ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। उनकी शहादत ने आंदोलन को कमजोर नहीं किया, बल्कि और अधिक धार दी। लोग आज भी उस काली रात को याद कर भावुक हो उठते हैं।

**शिक्षा और समाज सुधार को बनाया हथियार**

**नेपाल** रवानी का स्पष्ट मानना था कि 'शिक्षा ही अन्याय के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।' उन्होंने बाल विवाह, दहेज प्रथा, बहुविवाह, जुआ, नशाखोरी और अंधविश्वास जैसी कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया। महिलाओं की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए वे कहा करते थे कि शिक्षित महिला ही सशक्त समाज की नींव रखती है।

**चन्द्रवंशी समाज के उत्थान की बुलंद आवाज**

**चंद्रवंशी** समाज के संगठन और उत्थान में भी उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। वर्ष 1989 में धनबाद के गोधर मैदान में आयोजित विशाल सभा आज भी लोगों की स्मृतियों में जीवित है, जहां हजारों की भीड़ उनकी एक पुकार पर जुटी थी। उनकी संगठन क्षमता और नेतृत्व कौशल ने उन्हें जननेता के रूप में स्थापित किया।

**शहादत दिवस पर जुटेंगे दिग्गज**

**हर** वर्ष 25 फरवरी को उनके परिजनों और समर्थकों द्वारा शहादत दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के नेता शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। नेपाल रवानी भले आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका संघर्ष, साहस और बलिदान झारखंड की चेतना में हमेशा जीवित रहेगा।

# प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी की हुई सघन समीक्षा, प्रत्याशियों ने नहीं जतायी आपत्ति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में सोमवार को राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी की सघन समीक्षा की गयी। धनबाद नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो ने महापौर पद व 55 वार्डों के वार्ड पार्षद प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डायरी की जांच की। समीक्षा के दौरान प्रेक्षक ने धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी मतदान केंद्रों से प्राप्त प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी का बारी-बारी से अवलोकन किया। पूरी प्रक्रिया प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के सामने संपन्न हुई। इस दौरान किसी भी प्रत्याशी अथवा प्रतिनिधि ने कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भरोसा मजबूत हुआ। बैठक में महापौर पद के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार सहित धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद के निर्वाची पदाधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव से जुड़े प्रत्येक चरण की विधिवत समीक्षा की जा रही है, ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जा सके। नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी औपचारिक प्रक्रियाएं नियमानुसार पूरी की जा रही हैं।

## सिन्दरी में चुनाव बाद चौपालों पर सियासी सरगर्मी, सभी कर रहे जीत के दावे

**सिन्दरी/धनबाद :** धनबाद नगर निगम चुनाव संपन्न होते ही सिंदरी में सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। चौपालों, बाजारों और गली-मोहल्लों में मेयर और पार्षद पद को लेकर अटकलों का दौर जारी है। आधिकारिक नतीजों से पहले ही प्रत्याशी और उनके समर्थक अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मेयर पद को लेकर मुख्य मुकाबला संजीव सिंह और चंद्रशेखर अग्रवाल के बीच माना जा रहा है। दोनों पक्ष अपने समर्थन आधार को मजबूत बता रहे हैं। कांग्रेस खेमे का दावा है कि वोटों के संभावित बंटवारे का लाभ उन्हें मिल सकता है, जबकि भाजपा समर्थक परंपरागत वोट बैंक के सहारे जीत का भरोसा जता रहे हैं। वहीं सिंदरी के तीनों वार्डों में पार्षद पद के प्रत्याशी भी पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। चुनाव के दौरान शराब और पैसे बांटे जाने की चर्चा भी आम है, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर सीमित कार्रवाई की ही पुष्टि हुई है। मतगणना 27 तारीख को होनी है, तब तक सियासी तापमान यूं ही बना रहने की संभावना है।

# समावेशी बजट से गांव, गरीब और महिलाओं को सम्बल : चंद्रदेव महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए वार्षिक बजट को सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो ने जनहितकारी और दूरदर्शी करार दिया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा प्रस्तुत यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला साबित होगा। विधायक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट केवल आंकड़ों का पुलिंदा नहीं, बल्कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का ठोस खाका है, उन्होंने कहा महिला किसान खुशहाली योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया। उनके अनुसार, इस योजना से महिला किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। शिक्षा क्षेत्र में माध्यमिक शिक्षा के लिए विशेष प्रावधानों को उन्होंने युवाओं के



उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बताया। सामाजिक सुरक्षा के तहत मईयां सम्मान योजना और महिला-बाल विकास के लिए किए गए प्रावधानों को उन्होंने सरकार की संवेदनशील सोच का प्रमाण बताया। साथ ही पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त बनाने की पहल को लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला कदम बताया। अंत में विधायक ने कहा कि यह बजट राज्य को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में अहम भूमिका निभायेगा और हर वर्ग की खुशहाली सुनिश्चित करेगा।

## जन आकांक्षाओं को पूरा करनेवाला है झारखंड का बजट : अनुपमा सिंह



**धनबाद :** झारखंड राज्य के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को लेकर कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने स्वागत जताया है। उन्होंने इसे जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित और दूरदर्शी बजट बताया। श्रीमती सिंह ने कहा कि यह बजट राज्य के गरीबों, किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं समेत समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता दी है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में किये गये प्रावधानों की सराहना की। उनका कहना था कि इन क्षेत्रों में निवेश से राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस नेत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि भविष्य के विकास की मजबूत नींव भी रखेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट झारखंड की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की क्षमता रखता है और राज्य को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ायेगा।

## बजट पूरी तरह निराशाजनक, जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा : राज सिन्हा

**धनबाद :** राज सिन्हा ने झारखंड के षष्ठम विधानसभा सत्र में पेश किये गये राज्य बजट को पूरी तरह निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार को बने एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद प्रस्तुत बजट में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और मजदूरों के हितों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आती। इसी तरह ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का चुनावी वादा भी बजट में कहीं परिलक्षित नहीं होता। विधायक ने आरोप लगाया कि गरीबों को 7 किलो चावल और 2 किलो दाल मुफ्त देने तथा प्रत्येक गरीब परिवार को 15 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा देने जैसी घोषणाएं भी बजट में शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन



जनहितकारी वादों पर स्पष्ट प्रावधान नहीं होने से जनता में निराशा है। राज सिन्हा ने पिछले बजट का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ने 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था, लेकिन अब तक उसका 70 प्रतिशत लक्ष्य भी हासिल नहीं हो सका है। उन्होंने सरकार से बजट क्रियान्वयन की पारदर्शी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने कहा कि केवल बड़े आंकड़े पेश करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारना जरूरी है। यह बजट राज्य की जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। सरकार को चाहिए कि वह अपने वादों को पूरा करने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाये।

## सम्पादकीय.....

# कैसी वाह-वाह...कैसा मास्टर स्ट्रोक !

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प और अपने देश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दोस्ती पूरी दुनिया के समक्ष एक पहेली बनी हुई है। ट्रम्प का टैरिफ खेल पूरा विश्व देख रहा है। उन्होंने पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया, फिर रूस से तेल खरीदने के जुर्माने के तौर पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया। इसके बाद फरवरी के शुरू में व्यापार समझौता हुआ और 18 प्रतिशत टैरिफ तक बात पक्की हुई। तीनों ही स्थितियों में सत्ता पक्ष और उसके समर्थक न्यूज चैनलों में किसी ने 'वाह-वाह' कहा, तो किसी ने 'मास्टर स्ट्रोक' बता दिया। अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ लगाने के निर्णय को ही रद्द कर दिया है, तो एक बार फिर प्रसन्नता जताते हुए इसे भारत के हित में बताया जा रहा है। गजब की भ्रमितता है। इन तत्वों को समझ ही नहीं आ रहा कि कौन-सी स्थिति हमारे लिए लाभप्रद है। पिछले दिनों अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प द्वारा इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत लगाये गये बड़े पैमाने के टैरिफ को अवैध करार दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को 6-3 के बहुमत से निर्णय सुनाया कि आपातकालीन शक्तियों का दुरुपयोग कर ट्रम्प टैरिफ नहीं लगा सकते। क्योंकि, इसके लिए कांग्रेस की स्वीकृति आवश्यक है। हालांकि, ट्रम्प की हनक अब भी कम नहीं हुई है। निर्णय के तुरन्त बाद ट्रम्प प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत अस्थायी टैरिफ लगाये। पहले 10 प्रतिशत और फिर बढ़ा कर 15 प्रतिशत कर दिया। भारत के लिए यह दर फिलहाल 10 प्रतिशत तय की गयी है, जो पहले घोषित 18 प्रतिशत से कम है। ट्रम्प ने 20 फरवरी को ही बयान दिया था कि 'भारत के साथ समझौते में कोई बदलाव नहीं है। भारत टैरिफ चुकायेगा और अमेरिका नहीं।' उन्होंने इसे 'उलटा' करार दिया, जिसमें पहले भारत अमेरिका को 'लूट' रहा था, लेकिन अब स्थिति बदल गयी है। इस बदली स्थिति के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत भी टल गयी है। वाशिंगटन डीसी में 23 फरवरी से तीन दिवसीय बैठक शुरू होनेवाली थी, जिसे स्थगित कर दिया गया। इसमें समझौते के कानूनी पाठ को अंतिम रूप देने की योजना थी। दोनों पक्षों ने संयुक्त रूप से कहा है कि 'नयी घटनाओं और उनके प्रभावों का मूल्यांकन करने के बाद' नयी तारीख तय की जायेगी। वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों की मानें, तो टैरिफ नीति में आयी इस अनिश्चितता के कारण बातचीत स्थगित की गयी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह देरी भारत के लिए लाभप्रद हो सकती है, क्योंकि अमेरिकी उत्पादों को भारतीय बाजार में तत्काल पहुंच देने की जरूरत टल गयी है। समझौता अभी हस्ताक्षरित नहीं होने से भारत की कोई बाध्यता नहीं है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर इन विशेषज्ञों की बात मोदी सरकार तक पहुंच रही है या नहीं, क्योंकि जब कांग्रेस सवाल उठा रही थी कि अमेरिकी उत्पादों को खरीदने की मजबूरी से किसानों का बड़ा अहित होगा, तब तो पीयूष गोयल ने पुरजोर तरीके से व्यापार समझौते की वकालत की। लेकिन, अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भारत सरकार किस दिशा में कदम बढ़ायेगी, कैसे अपने हित सुरक्षित रखेगी, इसका जवाब देने के लिए अभी तक कोई सामने नहीं आया है। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने 22 फरवरी को राष्ट्रपति को एक पत्र भेज कर कहा कि मोदी सरकार अमेरिका के दबाव में झुक गयी है, जिससे देश की आत्मनिर्भरता और सम्प्रभुता खतरे में पड़ गयी है। संगठन ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री मोदी को निर्देश दें कि वह किसानों के लिए हानिकारक शर्तों पर यह समझौता हस्ताक्षर न करें। बहरहाल, संदर्भ पर केन्द्र की मोदी सरकार अब तक किसी ठोस नतीजे की ओर जाती नहीं दिखी है। केवल डॉनल्ड ट्रम्प के फरमान आते दिखे हैं। चकित करनेवाली बात यह रही है कि ट्रम्प के हर फरमान पर सत्ता पक्ष और उसके समर्थक समाचार वाचक कभी 'वाह-वाह', तो कभी 'मास्टर स्ट्रोक' कहते-बताते दिखे हैं। खैर, भ्रम के व्यूह से बाहर निकलना आवश्यक है। इसी में राष्ट्र का भला है। स्वयं को जिताने की जिद से केवल नुकसान होता है।

## ● किसने क्या कहा



एआई जैसी उभरतीं प्रौद्योगिकियों के समुचित एकीकरण से पर्यटन अनुभव बेहतर होगा

**सी.पी. राधाकृष्णन**
उपराष्ट्रपति



कांग्रेस डरपोक नहीं, संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, करेंगे

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

# शादी की बदलती तस्वीर : दिखावे, अहंकार और टूटते रिश्ते

विशेष | डॉ. प्रियंका सौरभ

> **आज** यह एक कड़वी सच्चाई है कि लोग शादी पर 20–25 लाख रुपये या उससे भी अधिक खर्च कर रहे हैं, लेकिन उसी शादी के कुछ महीनों या दिनों तक चलने की कोई गारंटी नहीं रह गयी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 प्रतिशत वैवाहिक रिश्ते टूटने के कगार पर हैं या पहले ही टूट चुके हैं। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक समस्या का संकेत है, जिसे नजरअंदाज करना आनेवाले समय में भारी पड़ सकता है। इस संकट का सबसे बड़ा कारण है दिखावे की संस्कृति। शादी अब एक निजी निर्णय नहीं, बल्कि एक भव्य इवेंट बन चुकी है, जिसमें होटल, डेस्टिनेशन वेडिंग, महंगे कपड़े, फोटोशूट और सोशल मीडिया पोस्ट सबसे अहम हो गये हैं।

**भारतीय** समाज में शादी केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं रही है, बल्कि इसे हमेशा से परिवार, समाज और संस्कारों से जुड़ी एक पवित्र संस्था माना गया है। विवाह को जीवनभर का साथ, सुख-दुख में एक-दूसरे का संबल और सामाजिक स्थिरता की आधारशिला समझा जाता रहा है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस संस्था की तस्वीर तेजी से बदली है। आज शादी का मतलब साथ निभाने का संकल्प कम और सामाजिक प्रदर्शन अधिक होता जा रहा है। परिणामस्वरूप रिश्ते कमजोर हो रहे हैं और तलाक या अलगाव के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज यह एक कड़वी सच्चाई है कि लोग शादी पर 20-25 लाख रुपये या उससे भी अधिक खर्च कर रहे हैं, लेकिन उसी शादी के कुछ महीनों या दिनों तक चलने की कोई गारंटी नहीं रह गई है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 प्रतिशत वैवाहिक रिश्ते टूटने की कगार पर हैं या पहले ही टूट चुके हैं। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक समस्या का संकेत है, जिसे नजरअंदाज करना आने वाले समय में भारी पड़ सकता है। इस संकट का सबसे बड़ा कारण है दिखावे की संस्कृति। शादी अब एक निजी निर्णय नहीं, बल्कि एक भव्य इवेंट बन चुकी है, जिसमें होटल, डेस्टिनेशन वेडिंग, महंगे कपड़े, फोटोशूट और सोशल मीडिया पोस्ट सबसे अहम हो गए हैं। लोग यह सोचने में अधिक समय लगाते हैं कि मेहमान क्या कहेंगे, रिश्तेदार कितने प्रभावित होंगे और इंस्टाग्राम पर तस्वीरें कैसी दिखेंगी। लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालते कि जिस इंसान के साथ पूरी ज़िंदगी बितानी है, उसके विचार, स्वभाव, सहनशीलता और जीवन के प्रति दृष्टिकोण क्या हैं।

सोशल मीडिया ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। हर व्यक्ति खुद को बेहतर दिखाने की कोशिश में अपनी वास्तविकता छिपा रहा है। शादी से पहले बनाई गई यह 'परफेक्ट इमेज' शादी के बाद धीरे-धीरे टूटती है और जब सच्चाई सामने आती है, तब निराशा, टकराव और असंतोष जन्म लेता है। लोग समझ पाते हैं कि वे जिस इंसान से शादी कर बैठे हैं, वह वैसा नहीं है जैसा उन्होंने कल्पना की थी। दूसरा बड़ा कारण है धैर्य की कमी और अहंकार की अधिकता। आज के समय में लोगों का पेशेंस लेवल लगभग शून्य पर आ गया है, जबकि ईगो का स्तर सौ पर पहुंच चुका है। छोटी-छोटी बातों पर रिश्तों में दरार आ जाती है। संवाद करने, समझाने और समझने की जगह लोग तुरंत निष्कर्ष निकाल लेते हैं कि यह रिश्ता काम नहीं करेगा। 'मैं क्यों समझौता करूँ?' और 'मेरी खुशी सबसे ऊपर है' जैसी सोच रिश्तों को खोखला कर रही है। पहले रिश्तों में समस्याएं आती थीं, लेकिन उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाती थी। आज समस्याएं आते ही लोग अलग होने को सबसे आसान समाधान मान लेते हैं। रिश्तों को निभाने की जगह उन्हें बदल देने की मानसिकता बढ़ती जा रही है। यह उपभोक्तावादी सोच केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब रिश्तों में भी प्रवेश कर चुकी है।

एक और महत्वपूर्ण कारण है संयुक्त परिवार प्रणाली का टूटना और एकल परिवारों का बढ़ना। संयुक्त परिवारों में बच्चे बचपन से ही बड़ों को देखकर सहनशीलता, त्याग, जिम्मेदारी और रिश्तों को निभाने की कला सीखते थे। मतभेद होते थे, लेकिन उन्हें बातचीत और समझदारी से सुलझाया जाता था। आज एकल परिवारों में पले-बढ़े बच्चों को यह व्यवहारिक प्रशिक्षण बहुत कम मिल पाता है। इसका मतलब यह नहीं कि एकल परिवार गलत हैं, लेकिन यह सच है कि उनमें सामूहिक जीवन का अनुभव सीमित होता है। परिणामस्वरूप जब युवा शादी के बाद नए रिश्तों और नई जिम्मेदारियों का सामना करते हैं, तो वे मानसिक रूप से उसके लिए तैयार नहीं होते। थोड़ी-सी असहमति भी उन्हें असहनीय लगने लगती है। इसके साथ-साथ आर्थिक स्वतंत्रता और बदलती सामाजिक भूमिका भी रिश्तों पर असर डाल रही है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर हैं, जो एक सकारात्मक बदलाव है, लेकिन इसके साथ ही अपेक्षाओं का टकराव भी बढ़ा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी स्वतंत्रता और अधिकारों को लेकर अधिक सजग हैं, जो सही भी है, लेकिन जब यह आपसी सम्मान और संवाद के बिना होता है, तब टकराव की स्थिति बन जाती है। बराबरी का अर्थ सहयोग होना चाहिए, न कि प्रतिस्पर्धा। एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि आज की पीढ़ी लंबे समय तक किसी एक निर्णय पर टिके रहने से डरती है। करियर हो, शहर हो या रिश्ता–हर जगह 'अगर बेहतर विकल्प मिल जाए' वाली सोच हावी है। यही सोच शादी जैसे स्थायी संबंध को अस्थिर बना रही है। जब हर समय यह भावना बनी रहे कि इससे बेहतर कुछ और मिल सकता है, तो किसी भी रिश्ते में संतोष और स्थिरता संभव नहीं रह जाती। इन सभी कारणों के चलते यह आशंका बढ़ रही है कि आने वाले समय में लोग शादी जैसी संस्था से ही दूरी बनाने लगेंगे। कुछ लोग पहले ही विवाह को बोझ या जोखिम के रूप में देखने लगे हैं।

# प्रशासन की सुस्ती से यात्री सड़कों पर

गौरतलब | कांतिलाल मांडोत

> **जयपुर**, कोटा, अजमेर, सीकर और उदयपुर सहित कई शहरों में सोमवार रात 12 बजे से निजी बसों का संचालन रुक गया। ऑपरेटर्स का दावा है कि प्रदेश की लगभग 35 हजार कॉन्ट्रैक्ट कैरिज, स्टेज कैरिज और लोक परिवहन बसें बंद हैं, जिनसे प्रतिदिन 15 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। यदि यह आंकड़ा सही है तो यह केवल हड़ताल नहीं, बल्कि प्रदेश की जीवनरेखा पर लगा ब्रेक है।

**राजस्थान** में निजी बस ऑपरेटर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने आमजन के सामने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि जब परिवहन व्यवस्था का बड़ा हिस्सा निजी हाथों में हो और वह अचानक ठप हो जाए, तो प्रशासन की वैकल्पिक तैयारी कहाँ है। जयपुर, कोटा, अजमेर, सीकर और उदयपुर सहित कई शहरों में सोमवार रात 12 बजे से निजी बसों का संचालन रुक गया। ऑपरेटर्स का दावा है कि प्रदेश की लगभग 35 हजार कॉन्ट्रैक्ट कैरिज, स्टेज कैरिज और लोक परिवहन बसें बंद हैं, जिनसे प्रतिदिन 15 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। यदि यह आंकड़ा सही है तो यह केवल हड़ताल नहीं, बल्कि प्रदेश की जीवनरेखा पर लगा ब्रेक है।

राजधानी जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह से लंबी कतारें दिखाई दीं। यात्री घंटों इंतजार करते रहे, कई को बसें नहीं मिलीं। रोडवेज बसों में ठसाठस भीड़ रही। पुलिसकर्मी यात्रियों को लाइन में चढ़ाने की कोशिश करते दिखे, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल लाइन लगवाना ही प्रशासनिक तैयारी कहलाता है। कोटा के बालाजी मार्केट बस स्टैंड से एक भी निजी बस नहीं निकली। सीकर में भी निजी बसें बंद रहीं। अजमेर में तो निजी बस ऑपरेटर्स ने 28 फरवरी को होने वाली प्रधानमंत्री की रैली के लिए भी बसें उपलब्ध न कराने की घोषणा कर दी। हालांकि जोधपुर में हड़ताल का असर सीमित रहा और कई निजी बसें सामान्य रूप से चलती रहीं, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि स्थिति पूरी तरह एकसमान नहीं है।

हड़ताल का कारण परिवहन विभाग की कार्रवाई को बताया जा रहा है। बस संचालकों का आरोप है कि आरसी सस्पेंड की जा रही हैं, भारी-भरकम चालान काटे जा रहे हैं, पुरानी गाड़ियों पर धारा 153 लगाई जा रही है, रास्ते में सवारियों से भरी बसों को खाली कराया जा रहा है और लगेज कैरियर लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही। यदि विभाग नियमों का पालन करवा रहा है तो पारदर्शिता के साथ संवाद क्यों नहीं हो पाया। यदि कहीं अति हो रही है तो उसका परीक्षण क्यों नहीं हुआ। सचिवालय में वार्ता के बावजूद सहमति न बन पाना प्रशासनिक संवादहीनता का संकेत है। कटाक्ष यह है कि हमारे प्रशासनिक तंत्र को अक्सर संकट के बाद सक्रिय होते देखा जाता है। जब हजारों यात्री बस स्टैंड पर भटकने लगते हैं, तब अतिरिक्त बसों की घोषणा की जाती है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि जरूरत पड़ी तो राउंड बढ़ाए जाएंगे।

## आज का इतिहास

- अकबर के दरबारी कवि बीरबल 1586 में विद्रोही यूसुफजई के साथ एक लड़ाई में मारे गये।
- पिट्स रेग्यूलेट्री एक्ट 1788 में पारित किया गया।
- सैमुएल कॉल्ट ने कॉल्ट रिवॉल्वर के लिए 1836 में पेटेंट लिया।
- रूस ने जार्जिया की राजधानी तिब्लिसी पर 1921 में कब्जा किया।
- पूर्व सोवियत संघ और जापान के बीच 1925 में राजनयिक रिश्ते कायम हुए।
- जर्मनी पर 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के दौरान टर्की ने युद्ध की घोषणा की।
- नार्वे की राजधानी ओस्लो में 1952 में छठे शीतकालीन ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
- 1962 में आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत हुई।
- मारिया कोराजोन अकीनो के सन 1986 में फिलीपिंस की राष्ट्रपति बनने के साथ ही देश में तानाशाह फर्डिनांड मार्कोस का शासन भी खत्म हो गया।
- सतह से सतह तक मार करनेवाली भारत की प्रथम मिसाइल पृथ्वी का 1988 में सफल प्रक्षेपण।
- खाड़ी युद्ध: इराक के एक मिसाइल ने 1991 में सउदी अरब स्थित लगभग 30 के करीब अमेरिकी सैनिकों को मार डाला था।
- भारत के साथ रूस की निचली संसद ड्यूमा द्वारा 2000 में द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि का अनुमोदन।
- दीपा मेहता की फिल्म 'वाटर' को 2006 में 'गोल्डेन किन्नारी' पुरस्कार मिला।
- सेंचुरियन बैंक ऑफ पंजाब व एच.डी.एफ.सी. के विलय के लिए 2008 में शेयर अनुपात को मंजूरी दी गयी।
- फिल्म 'नौ कंट्री फॉर ओल्ड मैन' को 2008 में 80वें आस्कर एकेडमी में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया।
- आईपीएल टूर्नामेंट के निदेशक के रूप में 2009 में पूर्व सैन्य अधिकारी धीरज मल्होत्रा नियुक्त हुए।

## अंकजाल - 8190

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*

*अंकजाल 8189 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## कहीं आप भी पाप की पूंजी तो जमा नहीं कर रहे

**क्या** आपने कभी किसी के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठायी है। किसी कमजोर और लाचार को पिटता देखकर मदद के लिए आगे आएं हैं। अगर आपने ऐसा नहीं किया है तो समझ लीजिए आपने अपने खाते में पाप की पूंजी जमा कर ली है। जिस प्रकार से पाप और पुण्य को परिभाषित किया गया है उसके अनुसार जो व्यक्ति किसी को कष्ट में देखकर उसकी मदद नहीं करता है। किसी के भय से अथवा अपने स्वार्थ के कारण झूठ बोलता है और शरण में आये व्यक्ति की रक्षा नहीं करता है वह पापी है। इस संदर्भ में एक कथा का उल्लेख पुराणों में मिलता है। एक थे राजा शिवि। इनके धार्मिक स्वभाव और दयालुता एवं परोपकार के गुण की ख्याति स्वर्ग में भी पहुंच गयी। इन्द्र और अग्नि देव ने योजना बनायी कि राशि शिवि के गुणों को परखा जाए। एक दिन अग्नि देव कबूतर बने और इन्द्र बाज। कबूतर उड़ता हुआ राजा शिवि की गोद में आकर बैठ गया और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा। इसी बीज बड़ा सा बाज राजा शिवि के पास पहुंचा और कबूतर को वापस करने के मांग करने लगा। बाज ने कहा कि, कबूतर मेरा आहार है अगर आप मुझे वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। बाज की बातों को सुनकर राजा शिवि ने कहा कि कबूतर मैं तुम्हें नहीं दूंगा अगर कोई अन्य उपाय है तो बताओ।

## सुविचार

विफलता परिश्रम छोड़ देने का नतीजा है
**एफ. जी. जॉयनर**

गुस्से से ज्ञान का प्रकाश बुझ जाता है
**आर. जी. इंगरसोल**

# राष्ट्र सुरक्षा का नवदर्शन : अब प्रतिक्रिया नहीं, पूर्वप्रहार

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

**भारत** ने 23 फरवरी 2026 को अपनी पहली व्यापक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति 'प्रहार' के शुभारंभ के साथ सुरक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम उठाया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आठ पृष्ठों वाले इस नीति दस्तावेज में केवल दशकों से चले आ रहे आतंकवाद विरोधी प्रयासों का औपचारिकीकरण नहीं किया गया है, बल्कि भविष्य में उभरते खतरों–जैसे साइबर हमले, ड्रोन का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी के जरिए वित्त पोषण, और डार्क वेब पर रेडिकलाइजेशन–से निपटने के लिए ठोस और निर्णायक रणनीतियाँ भी प्रस्तुत की गई हैं। नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आतंकवाद का न तो कोई धर्म है, न कोई जाति, न कोई राष्ट्रीयता और न ही कोई सभ्यता। यह एक कृत्य है, जिसे किसी भी वैचारिक या धार्मिक औचित्य के साथ सही नहीं ठहराया जा सकता। केंद्र सरकार की यह नीति सामाजिक सद्भाव को बनाये रखते हुए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली दूरदर्शिता का प्रतीक है। 'प्रहार' शब्द का चयन स्वयं सरकार की अडिग इच्छाशक्ति और सक्रिय रणनीति की अभिव्यक्ति है। यह नीति केवल रक्षात्मक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रोएक्टिव और खुफिया-आधारित अभियान संचालित करने की दिशा में स्पष्ट संकेत देती है। यह नीति सात अडिग स्तंभों की उस संगठित शक्ति पर खड़ी है, जिन्हें 'PRAHAAR' के अक्षरों में इस तरह संहिताबद्ध किया गया है कि हर अक्षर स्वयं एक रणनीतिक संकल्प बन जाता है।

इनमें पहला है प्रिवेंशन–आतंकवादी हमलों की पूर्वानुमानित रोकथाम, जो पूरी तरह से खुफिया जानकारी और विश्लेषण पर आधारित होगी। दूसरा स्तंभ है रिस्पॉन्स–तेज, संतुलित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की क्षमता। तीसरा स्तंभ है एग्रीगेटिंग कैपेसिटीज–सरकारी आंतरिक क्षमताओं का समन्वय और एकीकृत उपयोग। चौथा है ह्यूमन राइट्स और रूल ऑफ लॉ–सभी ऑपरेशंस में मानवाधिकारों और कानूनी ढांचे का कड़ाई से पालन।

पांचवां स्तंभ है अटेन्यूएटिंग कंडीशन्स–वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ जिन्हें कम करके रेडिकलाइजेशन और आतंकवाद के बीजारोपण को रोका जा सके। छठा स्तंभ है अलाइनिंग इंटरनेशनल एफर्ट्स–वैश्विक सहयोग और साझेदारी के माध्यम से आतंकवादियों को वित्तीय संसाधनों, हथियारों की आपूर्ति और सुरक्षित पनाहगाहों से वंचित करना। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वित कार्रवाई और कूटनीतिक सक्रियता का स्पष्ट संकेत देता है। सातवां स्तंभ है रिकवरी और रिज़िलियंस–आतंकवादी घटनाओं से प्रभावित पीड़ितों की समुचित सहायता, समाज की सामूहिक मानसिक और सामाजिक मजबूती, तथा पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता देना।

ये सातों स्तंभ सामूहिक रूप से भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को एक व्यवस्थित, समग्र और बहुआयामी ढांचा प्रदान करते हैं। यह केवल सिद्धांतों का संकलन नहीं, बल्कि एक सुसंगठित और क्रियान्वयन-केन्द्रित रणनीति का आधार है। पारंपरिक और सीमित रिएक्टिव सोच की परिधि से बाहर निकलते हुए यह नीति अब प्रिवेंटिव, प्रोएक्टिव और फ्यूचर-प्रूफ दृष्टिकोण को आत्मसात करती है, जो बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करता है।

## राशिफल

**मेष:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समय अच्छा चल रहा है।

**तुला:** निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**वृष:** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। समय ठीक है।

**वृश्चिक:** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय ठीक है।

**मिथुन:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। धैर्य के साथ रहें।

**धनु:** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें, तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कर्क:** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पायेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। सचेत रहें।

**मकर:** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। समय ठीक है।

**सिंह:** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। समय ठीक है।

**कुंभ:** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडम्बरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**कन्या:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मीन:** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। समय ठीक चल रहा है।

# दिल्ली सरकार का एक साल और बदलाव की बयार

गौरतलब | मनोज कुमार मिश्र

> **अभी** हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गयी है। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्ध स्तर पर काम करना होगा।

**27** साल के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार ने साल भर के शासन में भविष्य की विकसित दिल्ली की ठोस बुनियाद रखी। 20 फरवरी,2026 को सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस मौके पर पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का, नाम से एक बुकलेट भी जारी की गई। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बहाने बनाने के बजाए कड़ी मेहनत करके भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर दिन काम किए। 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(डिस्पेंसरी) बने, इसकी संख्या इस साल 1100 करने का लक्ष्य है। पांच रुपये में गरीबों को भाजन उपलब्ध कराने के लिए 71 अटल कैंटीन शुरू की गई। अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गई हैं। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्ध स्तर पर काम करना होगा।

वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई-बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है। साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जिला अनाबद्ध निधि योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला अनाबद्ध निधि मद अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की स्वीकृत राशि, व्यय की स्थिति तथा भौतिक प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू ने जिला अनाबद्ध निधि के तहत चल रही योजनाओं की अद्यतन स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से कई विकास कार्य क्रियान्वित किए जा रहे हैं, जिनकी प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। लंबित योजनाओं में तेजी लाने और नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक के दौरान जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने, स्थल निरीक्षण के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने तथा व्यय में किसी प्रकार की अनियमितता से बचने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जिला अनाबद्ध निधि का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित विकास कार्यों को गति देना है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण में वृद्धा पेंशन बंद होने की शिकायत पर जांच के निर्देश



**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर सुनीं और भरोसा दिलाया कि प्रत्येक मामले की जांच कर शीघ्र समाधान किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान सदर प्रखंड की हुटाप पंचायत अंतर्गत ग्राम बोरसीदाग निवासी परमेश्वर लोहरा ने वृद्धा पेंशन योजना से जुड़ा आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 तक उन्हें नियमित रूप से पेंशन मिल रही थी, लेकिन 2026 से पेंशन बंद है। उन्होंने पेंशन भुगतान दोबारा शुरू कराने की मांग की।मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग और प्रखंड विकास पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ मिले। इस जन शिकायत निवारण में विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए। सभी मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए उपायुक्त ने भौतिक सत्यापन कर जल्द समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## एक झलक

### महिला का शव कुएं से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगडा गांव में मंगलवार सुबह एक महिला का शव घर के पास स्थित कुएं से बरामद किया गया। मृतका की पहचान रानी देवी (28 वर्ष), पति जितेंद्र पासवान, ग्राम नगडा, थाना बालूमाथ के रूप में हुई है। वह बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में झाड़ू-पोछा का काम करती थीं। मृतका के पुत्र सत्यम पासवान ने बताया कि सोमवार की रात उसकी मां और बहन एक साथ सोए हुए थे। सुबह उठने पर उसकी मां बिस्तर पर नहीं थीं। इसके बाद परिजनों ने आसपास खोजबीन शुरू की। घर के पास स्थित कुएं के पास चप्पल और शॉल पड़ा मिला। जब लोगों ने कुएं में देखा तो महिला का शव पानी में तैरता हुआ दिखायी दिया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है। मृतका के पति जितेंद्र पासवान ने बताया कि वह मजदूरी करने के लिए रामगढ़ जिले के पतरातू में रहते हैं। उन्होंने कहा कि गांव में किसी के साथ कोई विवाद नहीं था। इसके बावजूद घटना किन कारणों से हुई, इसकी जांच की जानी चाहिए। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दो बाइकों की टक्कर में 01 की मौत, 01 घायल

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर में सोमवार रात करीब नौ बजे मोदी पार्क और कॉन्वेंट स्कूल के बीच दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक घायल हो गया। घायल युवक को टाटा मेन अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को तत्काल टाटा मेन अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बमार्माइंस निवासी गजेंद्र यादव(45)को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं, जो जानलेवा साबित हुईं। दूसरे युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार उसे आईसीयू में रखा गया है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी हालत पर नजर बनाए हुए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के समय एक बाइक गलत दिशा से आ रही थी,जिससे आमने-सामने टक्कर हो गयी। हालांकि पुलिस जांच में जुटी हुई है। मृतक गजेंद्र यादव पेशे से वैन चालक थे और अपने पीछे पत्नी व तीन बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था।

## कलश यात्रा के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर का 10वां वार्षिक उत्सव प्रारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में राजहार मोड़ के पास अवस्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के 10 वें वार्षिक उत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इससे पहले पुजारी त्रिभुवन पांडेय व राजेश पाठक के सानिध्य में पूजा अर्चना की। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में पंकज कुमार सप्तनीक मौजूद थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हो कर बाईपास चौक पहुंची। इसके बाद थाना चौक और मुख्य पथ हो कर काली मंदिर मोड़ पहुंची। इसके बाद मानस पथ हो कर औरंगा नदी तट पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलशों में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद (चामू साव) ने बताया कि कलशों की स्थापना कर वेदी पूजन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को वेदी पूजन व पाठ किया जायेगा। जबकि 26 फरवरी को नौ कन्या पूजन के बाद भंडारा और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होने इन सभी कार्यक्रमों मे भाग लेने की अपील नगर वासियों से की है। मौके पर महेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, सुनील प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, रामदेव प्रसाद, विशाल चंद्र साहू, गजेंद्र प्रसाद, भोला प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, संतोष पासवान, ओमप्रकाश प्रसाद, रंजीत कुमार, राहुल कुमार (आरपीडी) पवन प्रसाद और चिंटू आदि मौजूद थे।

## झुमरीतिलैया में जैन संतों का भव्य मंगल प्रवेश

### 2500 किमी की पदयात्रा कर पहुंचे उपाध्याय श्री 108 बृषभानंद जी मुनिराज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया/कोडरमा :** लगभग 2500 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा पूर्ण कर जैन संत उपाध्याय श्री 108 बृषभानंद जी मुनिराज ससंघ का झुमरीतिलैया (कोडरमा) में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। चार पिच्छीधारी मुनिराजों के साथ पहुंचे संतों के स्वागत में शहर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। परम पूज्य आचार्य श्री 108 बसुनन्दी जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री बृषभानंद जी मुनिराज का चातुर्मास जयपुर में सम्पन्न हुआ था। दीपावली के बाद संघ ने जयपुर से पदयात्रा आरंभ की। यह यात्रा दिल्ली, इलाहाबाद, मथुरा, अयोध्या, वाराणसी, राजगीर और पावापुरी होते हुए कोडरमा पहुंची। श्री दिगम्बर जैन समाज कोडरमा ने इसे अपना सौभाग्य बताया।

**भव्य अगवानी और नगर भ्रमण**

संत संघ की अगवानी शहर के मुख्य द्वार से बैंड-बाजे, महिलाओं द्वारा मंगल कलश और पंचरंगा ध्वज के साथ की गई। 108 फीट लंबे पंचरंगा झंडे के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। इसके बाद संघ बड़े जैन मंदिर जी पहुंचा, जहां सर्वप्रथम भगवान 1008 चंद प्रभु का मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा गुरु मुख से संपन्न हुई। तत्पश्चात मंदिर दर्शन कर संघ सरस्वती भवन पहुंचा, जहां समाज के सह मंत्री राज जैन छाबड़ा ने साथ चल रहे भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**'समय का सम्मान ही सबसे बड़ी पूजा'**

उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 शिवानंद जी मुनिराज ने कहा कि यहां के भक्तों में गुरु के प्रति अद्भुत समर्पण भाव है, जो 50 किलोमीटर पहले से ही पदयात्रा में शामिल होकर संघ के साथ चल रहे थे। उपाध्याय श्री 108 बृषभानंद जी मुनिराज ने अपने प्रवचन में कहा कि धर्म जीवन जीने की कला सिखाता है। यह मानव से महान, महान से महात्मा और महात्मा से परमात्मा बनने की यात्रा है।

## हेठपोचरा शिव मंदिर स्थापना पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, भव्य भजन संध्या 28 को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के ग्राम हेठपोचरा स्थित शिव मंदिर में मंदिर स्थापना एवं आंशिक पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 से 28 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।कार्यक्रम की शुरूआत 26 फरवरी, गुरुवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी के दिन जलयात्रा और मूर्ति जलाधिवास के साथ होगी। श्रद्धालु कलश यात्रा में भाग लेकर पूरे गांव का परिक्रमा करेंगे। दूसरे दिन 27 फरवरी, शुक्रवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी के अवसर पर वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार तथा नगर भ्रमण का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न होगी।समारोह का समापन 28 फरवरी, शनिवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वादशी के दिन मूर्ति स्थापना, हवन और विशाल भंडारे के साथ होगा। इसी दिन शाम 6:30 बजे से रात्रि 2:30 बजे तक भव्य भक्ति भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। इसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रदुम्न सम्राट यादव (व्यास) और शिवकुमार यादव (व्यास) अपनी प्रस्तुति देंगे। शिव मंदिर समिति और ग्रामवासियों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## गारु थाना में शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण होली मनाने की अपील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू (लातेहार) :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए गारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अंचल अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा और थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का त्योहार है। इसे उत्साह के साथ मनायें, लेकिन इस दौरान ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों या कानून-व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने सभी से संयम और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग करने, जबरन रंग लगाने, अवैध शराब की बिक्री करने या सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## होली त्योहार को लेकर शांति समिति ने की बैठक

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना भवन के प्रांगण में अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक का संचालन मरकच्चो उत्तरी पंचायत के मुखिया रणजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मरकच्चो नन्द किशोर तिवारी, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र प्रताप सिंह, रवि शंकर तिवारी उर्फ मंटू तिवारी, मौजूद थे। वहीं, इस वर्ष का होली त्यौहार को शांति सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं समाज सेवी रवि शंकर उर्फ रिंकू सिंह,संजू यादव,राजेश पासवान, दिवाकर तिवारी, आनेश्वर सिंह, मुखिया सुनील यादव,विजय यादव, इत्यादि ने बैठक को संबोधित कर शांति सौहार्द वातावरण में त्यौहार मनाने का आश्वाशन दिए। वहीं, थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मरकच्चो मुख्य मार्ग के सड़कों पर पानी का बहाव को चिन्हित किया जायेगा साथ-साथ मुख्य सड़क पर गंदे पानी गिरानेवालों पर बायबंदी लगाये जायेंगे। बड़े वहन का परिचालन को भी तीन दिन बंद कराने का प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा को भेजने और होली रमजान की हार्दिक बधाई दी। वहीं, अंचलाअधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में बताया कि होलिका दहन में लकड़ी जबरजस्ती किसी का नहीं लावें और त्योहार में जबरजस्ती किसी को रंग नहीं लगाये। सोशल मीडिया वाटसएप पर गलत मैसेज नहीं डाले गलत मैसेज डालने पर प्रशासन की भी नजर रहेगी कही भी किसी तरह की विवाद होने पर तुरंत प्रशासन को इसकी जानकारी दे शांति समिति।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय भवनाथपुर में एमडीए अभियान के तहत 252 छात्राओं व शिक्षकों को खिलायी गयी फाइलेरिया रोधी दवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की कुल 252 छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फाइलेरिया रोधी दवा सुरक्षित रूप से खिलाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को हाथीपांव (फाइलेरिया) जैसी गंभीर एवं स्थायी विकलांगता से सुरक्षित रखना है। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय प्रशासन के आपसी समन्वय से सभी छात्राओं एवं शिक्षकों ने निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार दवा का सेवन किया। दवा सेवन से पूर्व छात्राओं को फाइलेरिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह बीमारी मच्छरों के माध्यम से फैलती है और समय रहते बचाव नहीं करने पर व्यक्ति को आजीवन शारीरिक विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को इस बीमारी से बचाव के उपायों जैसे नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करना, साफ-सफाई बनाये रखना तथा समय-समय पर सरकार द्वारा दी जानेवाली एमडीए दवा का सेवन करने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इसके सेवन से शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भविष्य में इस बीमारी की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इस अवसर पर डॉ. नीतेश भारती, पिरामल प्रतिनिधि शिवसागर दास, मलेरिया पदाधिकारी विद्यानंद प्रजापति, सहिया लालो देवी तथा एएनएम मिक्की पूजा उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं को दवा सेवन के प्रति जागरूक करते हुए अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी एवं स्वास्थ्य विभाग की तत्परता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## एमके डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य का किया गया सम्मान



- नीति आयोग भारत सरकार की सदस्य के कर कमलों से मिला सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** हिन्दी ओलिंपियाड फाउंडेशन दिल्ली द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 की परीक्षा एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को राज्य कोड 20 परीक्षा केंद्र संख्या 95 के साथ तीसरी कक्षा से दसवीं कक्षा के छात्रों के बीच संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय के कुल 225 छात्रों ने परीक्षा दी और इस अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा में इस विद्यालय के कुल 26 छात्रों ने (06 स्वर्ण 8 रजत एवं 12 कांस्य) पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया, जिसके परिणाम स्वरूप इस संस्था ने विद्यालय को सम्मानित करते हुए उनके प्राचार्य को सम्मान प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया। यह सम्मान समारोह 22 फरवरी 2026 को दिल्ली के सी.डी देशमुख ऑडिटोरियम, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नयी दिल्ली में आयोजित था।

### जेएससीए ने आयोजित किया इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट

## धनबाद ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को हुए मुकाबले में गुमला ने धनबाद को रोमांचक मुकाबले में 13 रन से पराजित कर सेमीफाइनल में किया प्रवेश। गुमला की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40वे ओवर में 178 रनों पर ऑल आउट हो गयी। गुमला की ओर से अशीशन कुमार ने 42, कमल कुमार ने 34, राहुल ने 22, और यमुना झा ने 21 की पारी खेली। वही, धनबाद की ओर से राजवीर ने 9 ओवर में 34 रन देकर 4 विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी धनबाद की टीम रोमांचक मुकाबले में 13 रनों से यह मैच हार गई। धनबाद की ओर से सिद्धार्थ ने 53 और अनुराग ने 40 रनों की पारी खेली। एक समय धनबाद की टीम का स्कोर 122 रन पर एक विकेट था और जीत के लिए महज 22 ओवरों में मात्र 57 रनों की जरूरत थी। इसी बीच गुमला के हरफनमौला स्पिनर अनिकेत राज साहू ने गेंदबाजी की कमान सम्भाली। एक के बाद एक विकेट गंवाकर धनबाद की पूरी टीम 165 पर ऑल आउट हो गयी। चार विकेट लेने वाले गुमला के अनिकेत राज साहू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से टीआरडीओ अजय यादव, अंपायर प्रशांत कुमार, अजमल हुसैन, स्कोरर जुलकर नैं अहमद, जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, अंकित विश्वकर्मा' नाग, शशिरंजन, पंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रोजगार की तलाश में गया युवक, महाराष्ट्र से लौटा शव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत में पलायन की त्रासदी को एक बार फिर उजागर करती है। ढेकुलिया टोला निवासी विधवा सरिता कुंवार के पुत्र नवीन विश्वकर्मा उर्फ बंटी की मौत ने पूरे गांव को शोकाकुल कर दिया है। बताया जाता है कि नवीन अपने घर का बड़ा बेटा था और कुछ दिनों पहले ही रोजगार की तलाश में महाराष्ट्र गया था। वहां एक सप्ताह पूर्व उसका शव संदिग्ध अवस्था में एक कमरे से बरामद हुआ। इस दुखद समाचार ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। विधवा मां सरिता कुंवार ने भारी आर्थिक संकट के बावजूद जमीन गिरवी रखकर महाराष्ट्र से बेटे का शव मंगवाया। यह संघर्ष न केवल उनके व्यक्तिगत साहस को दशार्ता है, बल्कि उस सामाजिक-आर्थिक स्थिति को भी उजागर करता है जिसमें ग्रामीण परिवार मजबूर होकर पलायन करते हैं। गढ़वा जिला और भवनाथपुर क्षेत्र में यह कोई नई घटना नहीं है। रोजगार की कमी और सरकारी योजनाओं के कमजोर क्रियान्वयन के कारण यहां से लगातार मजदूर बाहर जा रहे हैं। मनरेगा जैसी योजनाएं, जो ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने के लिए बनायी गयी थीं, आज प्रभावित हैं। परिणामस्वरूप हर महीने किसी न किसी परिवार को बाहर से अपने प्रियजन का शव लाना पड़ता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाती है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करती है। नवीन की मौत पर गांव के मुखिया सरिता देवी, उनके पति धनंजय साह, राजेंद्र विश्वकर्मा और मुकेश विश्वकर्मा सहित कई लोग शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया।

### लातेहार नगर पंचायत चुनाव

# 27 फरवरी को खुलेगा 64 प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** नगर पंचायत लातेहार के चुनाव में इस बार मुकाबला दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। अध्यक्ष पद के लिए आठ उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वार्ड पार्षद पद के लिए 56 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 64 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला 27 फरवरी को मतगणना के साथ होगा। नतीजों से पहले ही शहर के चौक-चौराहों से लेकर चाय दुकानों तक चर्चा का माहौल है। समर्थक अपने-अपने दावों और आंकड़ों के साथ जीत का भरोसा जता रहे हैं।चुनाव भले ही गैर-दलीय आधार पर हुआ हो, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रमुख राजनीतिक दलों की सक्रियता साफ दिखाई दी। भारतीय जनता पार्टी ने अध्यक्ष पद के लिए महेश सिंह को समर्थन दिया है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिलासी तोपनो के पक्ष में पूरी ताकत झोंकी है। राष्ट्रीय जनता दल ने मिल्यानी कुजूर का समर्थन किया है। इसके अलावा ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन भी बिलासी तोपनो के समर्थन में सक्रिय रही। इस चुनाव की एक बड़ी राजनीतिक चर्चा यह रही कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ने वाले दल यहां अलग राह पर नजर आए। झामुमो और राजद ने अलग-अलग उम्मीदवारों का समर्थन किया, जिससे गठबंधन की एकजुटता को लेकर सवाल उठे हैं। स्थानीय राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि इस रणनीतिक विभाजन का सीधा असर परिणामों पर पड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि कुछ समुदायों के वोट अलग-अलग दिशाओं में बंटे तो इसका फायदा भाजपा समर्थित उम्मीदवार को मिल सकता है। हालांकि कई लोग यह भी कहते हैं कि नगर निकाय चुनाव में पार्टी से ज्यादा उम्मीदवार की व्यक्तिगत पहचान, कामकाज का रिकॉर्ड और मतदाताओं से सीधा जुड़ाव अहम भूमिका निभाता है। कई वार्डों में स्थानीय मुद्दे जैसे सड़क, पानी, सफाई और स्ट्रीट लाइट चुनाव के केंद्र में रहे हैं। अध्यक्ष पद की लड़ाई के साथ-साथ वार्ड पार्षदों के नतीजे भी कम अहम नहीं माने जा रहे। वार्ड स्तर पर चुने गए प्रतिनिधि आने वाले समय में नगर पंचायत की नीतियों और विकास योजनाओं की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। अब सबकी निगाहें 27 फरवरी की मतगणना पर टिकी हैं। उसी दिन साफ होगा कि शहरी मतदाताओं ने किसे प्राथमिकता दी, किसकी रणनीति जमीन पर काम आयी और किसे अगले चुनाव तक इंतजार करना पड़ेगा।

## नगर निकाय आम चुनाव 2026 मतदान उपरांत स्क्रूटनी प्रक्रिया सम्पन्न



**गुमला :** नगर निकाय आम चुनाव 2026 के तहत मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान के पश्चात जनरल ऑब्जर्वर कमल कांत गुप्ता, अपर समाहर्ता गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक, डीसीएलआर गुमला राजीव कुमार तथा सभी रिटर्निंग पदाधिकारियों आर ओ की मौजूदगी में कार्तिक उरांव कॉलेज, गुमला में स्क्रूटनी की प्रक्रिया संपन्न की गयी। स्क्रूटनी के दौरान सभी संबंधित अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता उपस्थित रहे। मतदान केन्द्रवार दस्तावेजों एवं अभिलेखों की विधिवत जांच की गयी। साथ ही सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पीठासीन पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन भी परीक्षण किया गया।जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण रही। कहीं से भी किसी प्रकार के भेदभाव, अशांति या व्यवधान की सूचना प्राप्त नहीं हुई। संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शिता एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न करायी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर परिषद उपायुक्त गुमला, प्रेरणा दीक्षित ने सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु सभी अधिकारियों, कर्मियों, अभ्यर्थियों एवं मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## एक झलक

### झरिया में निशान यात्रा के दौरान मारवाड़ी युवा मंच ने वितरित किये शीतल पेयजल

**झरिया (धनबाद):** शक्ति प्लाजा, जोरापाटक से श्याम मंदिर, झरिया धाम तक निकाली गई भव्य निशान शोभा यात्रा के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा ने सेवा कार्य का अद्भुत उदाहरण पेश किया। बिहार टॉकीज रोड स्थित प्रसाद क्लिनिक के समीप, शाखा के सदस्यों ने श्रद्धालुओं और आमजनों के बीच शीतल पेयजल और मैंगो ड्रिंक वितरित किया। प्रातः 8:45 बजे जब शोभा यात्रा क्लिनिक के समीप पहुंची, तब उपस्थित सदस्य पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ पेयजल वितरण में लगे। गर्मी के बीच यह सेवा श्रद्धालुओं के लिए राहत का कारण बना। जनसमूह ने शाखा के इस सेवा समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, संयुक्त सचिव सन्नी अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, मयंक केजरीवाल, हितेन शर्मा और यश अग्रवाल उपस्थित रहे।

### घर में घुस कर हमला करने के आरोप में थाना में आवेदन सौंपा

**गुमला:** भरनो निवासी सुषमा नाग ने थाना में आवेदन देकर करीब 50 लोगों पर घर में घुसकर हमला करने व गाली देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि 22 फरवरी की रात वह अमनपुर स्थित अपने मकान में थीं। इसी दौरान उनके किरायेदार सरफुद्दीन अंसारी के साथ कुछ लोग आकर मारपीट करने लगे। घटना की सूचना उन्होंने तत्काल थाना को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर संबंधित लोगों को वहां से ले गई। आरोप है कि कुछ घंटों बाद परसा से करीब 50 लोग दोबारा पहुंचे और घर पर हमला करते हुए गाली-गलौज की। पीड़िता ने मामले की जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क हादसा में दो युवक घायल

**गुमला:** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चोरका खांड गांव के समीप सड़क दुर्घटना में गांव के ही दो युवक सुकरा नगासिया 19 वर्ष और 20 वर्षीय फेकू नगेसिया घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल सुकरा को मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल लाया गया। उसके सिर व पैर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुवार दोनों बाइक से मरवई गांव घूमने गए थे। सोमवार की देर शाम वापस घर लौटने के क्रम में गांव के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ को टक्कर मार दिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एलआईसी कर्मी की मौत

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के करवंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी जीटी रोड पर मंडल कर के समीप आज डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार एलआईसी कर्मी की मौत हो गई। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान डेहरी शहर के वार्ड संख्या 39 मोहल्ला कमरनगंज निवासी जीऊत राम के 45 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में की गई है। हालांकि पुलिस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच गई है। यह घटना उस वक्त हुई जब वह अपनी बाइक से सासाराम शहर की तरफ आ रहे थे। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एलआईसी कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस सप्ताह के तहत निकाली गयी मद्य निषेध जागरूकता रैली

**भागलपुर :** पुलिस सप्ताह दिवस के अवसर पर मंगलवार को ललमटिया थाना क्षेत्र में मद्य निषेध के समर्थन में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व एएसपी शायम राजा ने किया। रैली ललमटिया थाना परिसर से शुरू होकर टमटम चौक, पासीटोला, कबीरपुर, नसरतखानी और पिपरपाती होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र की विभिन्न गलियों में घूमकर लोगों को शराबबंदी कानून की जानकारी दी ।

# बिहार पुलिस सप्ताह-2026 की सामूहिक परेड में शामिल हुए मुख्यमंत्री



एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-5 स्थित मिथिलेश स्टेडियम में बिहार पुलिस सप्ताह-2026 के अवसर पर आयोजित सामूहिक परेड-सह-वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रैतिक परेड (मार्च पास्ट) का निरीक्षण किया और सलामी ली। मुख्यमंत्री के समक्ष विशेष कार्य बल बिहार पटना, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (गोरखा वाहिनी), बिहार दंगा निरोधी वाहिनी, बिहार स्वाभिमान विशेष सशस्त्र बल, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, महिला सासाराम सहित कुल 8 टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य के लिये गया के वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिरूद्ध कुमार एवं स्व विश्वा उरांव की धर्मपत्नी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस को सहयोग करने वाले आम नागरिकों को कर्तव्य निर्वहन एवं वीरता के लिये रोहतास जिले के मो अख्तर अंसारी एवं ओमप्रकाश पाण्डेय, बेगूसराय जिले के अमित कुमार एवं आनंद माधव मिश्रा, बगहा जिले के लक्ष्मी खत्री, पूर्वी चम्पारण जिले के सुनील प्रसाद, उतीम गद्दी एवं रविन्द्र कुमार। मधुबनी जिले के राजू कामत, दरभंगा जिले के डॉ इकबाल हसन, धीरज कुमार यादव एवं अमन यादव को नागरिक प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार द्वारा विशिष्ट थाना के लिये दरभंगा नगर थाना को दिया गया प्रशस्ति पत्र संबंधित पुलिस पदाधिकारी को प्रदान किया। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## पूर्णिया एक्सपो 2026 के सफल आयोजन के लिए नेपाल के कोसी प्रोविन्स के मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने दी बधाई



**पूर्णिया :** पूर्णिया एक्सपो 2026 के सफल आयोजन के लिए नेपाल के कोसी प्रोविन्स के मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी है। आवाज 24 मीडिया एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक पूजा मिश्रा के साथ ओम प्रकाश मिश्रा, राजीव कुमार और कुमार संकल्प ने नेपाल के कोसी प्रोविन्स मुख्यमंत्री हिक्मत कुमार कार्की, पर्यटन मंत्री भीम पराजुली , वाणिज्य मंत्री और सचिव पर्यटन, वन व वातावरण से शिष्टाचार मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेंट किया । इस अवसर पर नेपाल के मंत्रियों ने पूर्णिया एक्सपो 2026 के सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी और आने वाले समय में और भी बेहतरीन एक्सपो करने के लिए अपना समर्थन और मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नेपाल कोसी प्रोविन्स के मुख्यमंत्री हिक्मत कुमार कार्की ने कहा कि "पूर्णिया एक्सपो 2026 के सफल आयोजन के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह आयोजन नेपाल और भारत के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को और भी मजबूत करेगा। पर्यटन मंत्री भीम पराजुली ने कहा पूर्णिया एक्सपो 2026 एक शानदार आयोजन है, जो नेपाल और भारत के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा। यह एक सफल और रिश्तों को मजबूती प्रदान करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा, पूर्णिया एक्सपो 2026 के सफल आयोजन के लिए मैं अपनी बधाई देता हूं।

## परवाहा के घीवहा में राजेश्वर महादेव की हुई स्थापना, भक्तिमय हुआ वातावरण



एजेंसी

**अररिया :** फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत परवाहा पंचायत के घीवहा गांव में एक प्रतिष्ठित फौजी परिवार द्वारा नवनिर्मित मंदिर में राजेश्वर महादेव की प्रतिमा स्थापना को लेकर मंगलवार को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन आज 121 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाला जो कजरा नदी में जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई।मंदिर की स्थापना फौजी परिवार के द्वारा ही कराया गया है। मंदिर निर्माण के पुनीत कार्य में परिवार के बड़े पुत्र और रिटायर्ड आर्मी जवान पप्पू यादव के साथ उनके छोटे भाई कौशल यादव ने मुख्य भूमिका निभाई। मंदिर स्थापना के अवसर पर आयोजित भजन-कीर्तन से पूरा गांव शिवमय हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने फौजी परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस मंदिर के बनने गांव में शांति और भक्ति का माहौल सुदृढ़ होगा।

## बजट सत्र : विधानसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में जोरदार बहस

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के 16वें दिन विधानसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष (मुख्यमंत्री-विजय चौधरी) और विपक्ष के (भाई वीरेन्द्र-कुमार सर्वजीत) के बीच संवाद बहस में बदल गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने चौकीदारों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया। कुमार सर्वजीत ने कहा कि बर्बरतापूर्वक मारा गया, ये सरकार नहीं चलेगी। राजद विधायकों को जवाब देने के लिए विजय चौधरी उठे। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चलेगी तो चौकीदारों की सुनेगा कौन। इतने में मुख्यमंत्री नीतीश भी खड़े हो गए। उन्होंने भाई वीरेन्द्र को कहा कि आप बैठिए। आपकी संख्या कितनी कम है। आप लोगों ने कभी कोई काम नहीं किया है। नीतीश जब बोल रहे थे तो राजद विधायक सर्वजीत भी खड़े हो गए। हंगामा बढ़ा तो राजद विधायक वेल की तरफ बढ़ चले और नीतीश होश में आओ के नारे लगाने लगे। जिसके बाद मार्शल को बुलाकर उनकी तख्तियां हटाई गईं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के बार-बार कहने के बाद विपक्ष के विधायक सीट पर बैठे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, विपक्ष ने चौकीदार-दफादार की बात उठाई। अगर सरकार प्रदर्शन के खिलाफ होती तो प्रदर्शन को रोक देती। हमारी सरकार ने प्रदर्शन नहीं रोका।




सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी। आज कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के विधायकों ने पोर्टिको में प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बुधवार को बिहार आ रहे अमित शाह के दौरे को लेकर राजद विधायक ने तीखी टिप्पणी की है। भाई वीरेंद्र ने कहा, 'वो आग लगाने आ रहे हैं। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने आ रहे हैं। उनका काम ही यही है, जहां चुनाव होता है पहुंच जाते हैं। बिहार में कोई घुसपैठियां नहीं है।' वही कल तक मरहुम पूर्व सांसद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब को राज्यसभा भेजने की बात करने वाले भाई वीरेंद्र आज इस सवाल पर ही भड़क गए। वो पत्रकार की माइक हटाते नजर आए।

## नालंदा में स्ट्रॉबेरी खेती से मजबूत हुई ग्रामीण अर्थव्यवस्था

एजेंसी

**बिहारशरीफ :** बिहार में नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत मनारा गांव के किसान अब पारंपरिक खेती की सीमाओं को तोड़ते हुए स्ट्रोबरी की खेती की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। गांव के प्रगतिशील किसान राजेश प्रसाद ने मंगलवार को आयोजित संगोष्ठी में कहा कि रबी और खरीफ की पारंपरिक फसलों से अलग हटकर अपने एक एकड़ खेत में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू करें और इससे प्रतिदिन अच्छी नकद आमदनी अर्जित किया जा सके। उनकी यह पहल क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है। राजेश प्रसाद बताते हैं कि शुरूआत में स्ट्रॉबेरी की खेती को लेकर लोगों में संशय था लेकिन सही जानकारी आधुनिक तकनीक और



मेहनत के दम पर उन्होंने इसे सफल बना दिया। उन्होंने खेत में ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई) पद्धति अपनाई है जिससे पानी की बचत होती है और पौधों को आवश्यक मात्रा में नमी मिलती रहती है। साथ ही, जैविक खाद और उचित देखभाल से फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है। उनका कहना है कि किसान यदि रबी और खरीफ फसलों के साथ-साथ नगदी फसलों की भी खेती करें तो उनकी आय दोगुनी हो सकती है। स्ट्रॉबेरी की बाजार में अच्छी मांग है, खासकर शहरी क्षेत्रों में इसकी खपत अधिक है।

## मतदान के बाद सियासी पारा बरकरार, सभी कर रहे जीत के दावे, परिणाम से पहले शहर में चर्चा तेज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद:** मेयर चुनाव का मतदान खत्म होते ही शहर की सियासत ने नया रंग पकड़ लिया है। प्रचार का शोर भले थम गया हो, लेकिन जीत-हार की गणित ने राजनीतिक गलियारों में हलचल और तेज कर दी है। दूसरे दिन प्रमुख प्रत्याशी थकान मिटाने के साथ-साथ रणनीतिक बैठकों में जुटे रहे। आवास और चुनाव कार्यालयों में सुबह से ही समर्थकों की आवाजाही लगी रही, जहां बूथवार रिपोर्ट, मतदान प्रतिशत और संभावित रुझानों पर गहन मंथन हुआ। मेयर पद के उम्मीदवार चंद्रशेखर अग्रवाल ने अपने विश्वस्त कार्यकर्ताओं के साथ लंबी बैठक



कर हर वार्ड का फीडबैक लिया। सूत्र बताते हैं कि कई बूथों से सकारात्मक संकेत मिलने का दावा किया गया। उन्होंने मतगणना तक संगठन को पूरी तरह सक्रिय और सतर्क रहने का निर्देश दिया। वहीं संजीव सिंह के कैंप में भी दिनभर रणनीति का दौर चलता रहा। कोर कमेटी की बैठक में मतदान प्रतिशत का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया। समर्थकों ने दावा किया कि शहरी क्षेत्रों में उन्हें अपेक्षा से अधिक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दे पर मतदान किया है। दूसरी ओर संजीव कुमार ने चुनाव अभि8यान में जुटी टीम के साथ समीक्षा बैठक की। युवा और महिला कार्यकताओं ने कई वार्डों में मजबूत स्थिति की रिपोर्ट दी। उन्होंने संगठन की एकजुटता को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया और परिणाम को लेकर आश्वस्त नजर आए।

## आईसीएआर-आरसीईआर में पांच राज्यों के किसानों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आगाज

दिग्विजय सिंह

**पटना** में शनिवार, 21 फरवरी से झारखंड और पूर्वोत्तर भारत के पांच राज्यों के किसानों एवं उद्यमियों के लिए चार दिवसीय 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' का भव्य शुभारंभ हुआ। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 24 फरवरी तक चलेगा, जिसमें असम, मेघालय, सिक्किम, त्रिपुरा और नागालैंड के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम संस्थान के उत्तर पूर्वी पर्वतीय घटक कोष के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि मॉडलों के प्रदर्शन और वैज्ञानिक ज्ञान के माध्यम से मौजूदा कृषि पद्धतियों को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को न केवल तकनीकी जानकारी मिल रही है, बल्कि विभिन्न राज्यों के किसानों के बीच सांस्कृतिक और ज्ञान साझा करने का भी



एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए समेकित खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे पशुधन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, बागवानी और कृषि-वानिकी जैसे घटकों को एक साथ अपनाकर पोषण और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। डॉ. दास ने कहा कि किसान प्राकृतिक रूप से वैज्ञानिक होते हैं, जो अपनी बदलती जरूरतों और जमीनी हकीकत के अनुसार खेती की तकनीकों को विकसित और परिष्कृत करते रहते हैं। विशेषज्ञों की राय तौर पर डॉ. आशुतोष उपाध्याय (प्रमुख, डीएलडब्ल्यूएम) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की आवश्यकता और इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम की प्रासंगिकता को दशार्या। डॉ. उज्ज्वल कुमार (प्रमुख, डीएसएसई) ने संस्थान में मौजूद 'समेकित खेती प्रणाली' के लाइव मॉडल के बारे में विस्तार से बताया, जो आधुनिक खेती के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। डॉ. पी. सी. चंद्रन (प्रधान वैज्ञानिक) ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पशुपालन से होने वाले आर्थिक लाभों और प्रबंधन की बारीकियों को साझा किया।वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र की कृषि पद्धतियों और इस क्षेत्र में आधुनिक वैज्ञानिक उपायों को अपनाने के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। टीम का सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम की शुरूआत में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिश्वजीत देबनाथ ने सभी आगंतुक किसानों का स्वागत किया। वैज्ञानिकों डॉ. तारकेश्वर कुमार और श्री सुरेंद्र कुमार अहिरवाल ने किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## श्री श्री राम नवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष बने राजेश ठाकुर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रजरप्पा (रामगढ़) :** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक मंगलवार को किला मंदिर रामगढ़ के प्रांगण में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के पूर्व अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने किया और संचालन महासमिति के महासचिव विशाल जायसवाल ने किया। बैठक में महासमिति के नए अध्यक्ष को लेकर चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति से राजेश ठाकुर को महासमिति का अध्यक्ष चुना गया। राजेश ठाकुर ने कहा कि रामगढ़ की सभी अखाड़ा कमेटी, महासमिति के सदस्यों एवं अभिभावक स्वरूप संरक्षक सदस्यों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपा है, उसे मैं पूरी इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा एवं भव्य ओर ऐतिहासिक रामनवमी होने का मैं वचन देता हूं। आगे उन्होंने कहा कि 24 मार्च 2026 को रामगढ़ में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगला शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## डॉ. प्रेम कुमार ने गया में की पथ निर्माण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गया :** अध्यक्ष, बिहार विधानसभा, डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर एवं आसपास के विभिन्न पथ निर्माण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की अद्यतन समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. कुमार ने बताया कि कारू टी रोड (88 लाख) योजना की फाइनेंशियल बिड खोली जा चुकी है तथा आवश्यक स्वीकृति के लिए आज ही अधीक्षण अभियंता (SE) कार्यालय, गयाजी में प्रस्ताव जमा कराया जा रहा है। स्वीकृति मिलते ही कार्यारंभ की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि स्वराजपुरी स्थित सिरजी स्वीट्स मार्ग (2.40 करोड़) के लिए संवेदक का चयन कर लिया गया है तथा लेटर ऑफ अवार्ड (LoA) जारी कर दिया गया है। संबंधित एजेंसी द्वारा शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार गेवाल बीघाझपुलिस लाइन पथ (10 करोड़) की फाइनेंशियल बिड मुख्यालय, सड़क निर्माण विभाग (RCD) में विचाराधीन है। कार्यपालक अभियंता, आरसीडी, गयाजी से कुछ आवश्यक कम्प्लायंस रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसे तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। फाइनेंशियल बिड की स्वीकृति का इंतजार है। स्वीकृति मिलते ही आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी। वहीं बारी रोड (1.40 करोड़) योजना का पुनः निविदा (री-टेंडर) किया गया है। निविदा सूचना (NIT) प्रकाशित की जा चुकी है। दिनांक 08 जनवरी 2026 को टेंडर खोला गया, जिसमें चार संवेदकों ने भाग लिया। टेक्निकल बिड को आवश्यक स्वीकृति हेतु आरसीडी मुख्यालय भेजा गया है तथा मंजूरी की प्रतीक्षा है। अध्यक्ष ने कहा कि सभी योजनाएं शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने एवं नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृति की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए कार्यों को शीघ्र धरातल पर उतारा जाए, ताकि आमजन को विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

## महिलाओं, रोजगार और बुनियादी ढांचे को मजबूती देगा अबुआ दिशोम बजट 2026-27 : सुधीर मंगलेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**दुलमी(रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला अबुआ दिशोम बजट राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि प्रस्तावित बजट वृद्धि से राज्य में नई बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को गति मिलेगी, वहीं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण, कल्याणकारी योजनाओं तथा रोजगार सृजन को प्राथमिकता दिया जाना राज्य के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने जनहितैषी एवं विकासोन्मुख बजट प्रस्तुत करने के लिए झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा आशा जताई कि यह बजट राज्य के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रमजान : भूख से परे - रूह को सुधारने का महीना

शोएब अख्तर

**रांची :** जैसे-जैसे रमजान का पवित्र महीना चल रहा है, दुनिया भर में लाखों लोग रोजा रखते हैं, नमाज पढ़ते हैं, और माफी मांगते हैं। फिर भी रमजान को सिर्फ.भूख और प्यास तक सीमित नहीं किया गया था। यह सिर्फ. खाने-पीने से परहेज करने के बारे में नहीं है—यह खुद को अनुशासित करने और खुद को बेहतर बनाने के बारे में है। कुरान सिखाता है कि रोजा इसलिए रखा गया था ताकि मानने वाले तकवा पा सकें—अल्लाह की एक गहरी समझ जो व्यवहार को बनाती है और नैतिक चरित्र को मजबूत करती है। भूख तो बस ऊपरी तौर पर है; असली मकसद खुद पर काबू रखना और ज़िम्मेदारी लेना है। पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने हमें बताया कि जब रमजान शुरू होता है, तो जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं, जहन्नम के दरवाजे बंद हो जाते हैं, और शैतानों को जंजीरों में जकड़ दिया जाता है (बुखारी, मुस्लिम)। जानकार बताते हैं कि इस महीने में ताकतवर बागी शैतानों पर काबू पा लिया जाता है, जिससे उनका असर कम हो जाता है और अच्छाई का पीछा करना आसान हो जाता है। फिर भी अगर बेईमानी, नाइंसाफी, धोखा, या दूसरे तरह के गलत काम अभी भी होते हैं, तो हम उन्हें सिर्फ शैतान का दोष नहीं दे सकते। रमजान हमें याद दिलाता है कि गहरा संघर्ष हमारे अंदर है—हमारे अपने नफ्स में, हमारी आदतों में, और हमारी बेकाबू इच्छाओं में। रमजान हमें नफरत दूर करने और एकता को मजबूत करने के लिए कहता है। यह व्यवहार में ईमानदारी, बोलने में ईमानदारी और रिश्तों में सम्मान को बढ़ावा देता है। यह हमें सिखाता है कि जो हमारा नहीं है उसे न खाएं, किसी पर जुल्म न करें, और किसी के साथ धोखा न करें। रोजे की कीमत किरदार में दिखती है। अगर सब्र बढ़ता है, विनम्रता बढ़ती है, और दया दिखाई देती है, तो रमजान की भावना हमारे अंदर ज़िंदा है।



सच्चा बदलाव सिर्फ दूसरों, हालात या समाज को दोष देने से नहीं आएगा। यह तब शुरू होता है जब हम खुद के साथ बैठते हैं, ईमानदारी से अपनी कमजोरियों पर सोचते हैं, और अपनी कमियों की ज़िम्मेदारी लेते हैं। कुरान हमें याद दिलाता है कि अल्लाह किसी भी इंसान की हालत तब तक नहीं बदलता जब तक वह अपने अंदर की चीजों को न बदल ले। जब हम अपनी गलतियाँ निकालने के बजाय खुद को सुधारना चुनते हैं, तो सही बदलाव मुमकिन हो जाता है। यह महीना सिर्फ.अल्लाह पर हमारा भरोसा भी बढ़ाता है। इंसानी उम्मीदें निराशा की वजह बन सकती हैं, लेकिन अल्लाह पर भरोसा करने से मजबूती और उम्मीद मिलती है। गाइडेंस (हिदाया) उसी के पास है, जबकि सच्ची कोशिश हमारा फर्ज.है।

ऐसे जमाने में जहाँ ज्ञान बहुत है और याद दिलाने वाली बातें लगातार होती रहती हैं, सिर्फ.जानकारी काफी नहीं है। ज्ञान की वैल्यू तभी होती है जब उसे अमल में लाया जाए। रमजान सिर्फ.दिखावे या दिखावटी धार्मिकता के बारे में नहीं है; यह ईमानदारी को मजबूत करने, कैरेक्टर को बेहतर बनाने और अपने कामों को अपने ईमान के साथ जोड़ने के बारे में है।

यह डिसिप्लिन, ईमानदारी और नैतिक ज़िम्मेदारी के लिए एक ट्रेनिंग ग्राउंड है। रोजा शरीर को अंधा करता है ताकि रूह की आँखें खुल सकें।

– मौलाना जलालुद्दीन रूमी (RA)

रमजान सिर्फ.भूख के बारे में नहीं है—यह सेल्फ-कंट्रोल के बारे में है।

यह सिर्फ. कंट्रोल के बारे में नहीं है बल्कि अकाउंटेबिलिटी के बारे में भी है। सिर्फ. रीति-रिवाजों के बारे में नहीं—बल्कि सुधार के बारे में भी है। जैसे-जैसे यह मुबारक महीना आगे बढ़ेगा, हमारे रोजे की असली कामयाबी इस बात से नहीं मापी जाएगी कि हम कितने समय तक भूखे रहे, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि हमने कितना सुधार किया। रमजान की असली कामयाबी भूखे रहना नहीं है। यह बेहतर बनना है। अल्लाह इस रमजान को हमारी ज़िंदगी में एक सच्चा टर्निंग पॉइंट बनाए—हमारे किरदार को बदले, हमारे ईमान को गहरा करे, और हमारे दिलों को एकता, ईमानदारी, प्यार और हमेशा रहने वाली दुआओं से भर दे। लेखक पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता है

### झारखंड बजट निराशाजनक युवाओं-किसानों को नहीं मिली राहत : एबीवीपी

**बाघमारा (धनबाद):** झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया गया बजट युवाओं, विद्यार्थियों और किसानों के लिए निराशाजनक साबित हुआ है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक शुभम हजारी ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इससे आम जनता की उम्मीदें पूरी नहीं हुई हैं। हजारी ने बताया कि शिक्षा और रोजगार सृजन के लिए बजट में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। राज्य में पहले से ही ओबीसी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन बजट में इस पर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया।

# आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप का पूरा कार्यक्रम घोषित, 12 जून से इंग्लैंड में होगा आगाज

ICC WOMEN'S T20 WORLD CUP ENGLAND & WALES 2026

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 के पूर्ण कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा कर दी। टूनार्मेंट का 10वां संस्करण 12 जून से 5 जुलाई 2026 तक इंग्लैंड के विभिन्न ऐतिहासिक मैदानों पर खेला जाएगा। इस बार कुल 12 टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा और प्रतिस्पर्धात्मक महिला टी20 विश्व कप बनने जा रहा है।

**उद्घाटन मुकाबला और प्रमुख तिथियां**

**मेजबान** इंग्लैंड 12 जून को अपने अभियान की शुरूआत श्रीलंका के खिलाफ करेगा। यह उद्घाटन मैच भव्य समारोह के साथ आयोजित होगा। 13 जून को मैनचेस्टर के प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच रोमांचक ऑल-यूरोपीय मुकाबला खेला जाएगा। 20 जून को लीड्स के प्रसिद्ध हेडिंग्ले मैदान पर इंग्लैंड और स्कॉटलैंड आमने-सामने होंगे। यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें इंग्लैंड की सरजमीं पर किसी आईसीसी प्रतियोगिता में एक-दूसरे से भिड़ेंगी, जिससे इस मुकाबले का ऐतिहासिक महत्व और बढ़ गया है। टूर्नामेंट का फाइनल 5 जुलाई को लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा, जिसे क्रिकेट का मक्का भी कहा जाता है।

**ग्रुप संयोजन**

**ग्रुप ए :** ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड।
**ग्रुप बी :** वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।
इस विस्तारित प्रारूप और मजबूत टीमों की मौजूदगी के साथ महिला टी-20 विश्व कप 2026 महिला क्रिकेट के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत करने के लिए तैयार है।

**क्वालीफायर से आयीं नयी टीमें**

**हाल** ही में नेपाल में आयोजित क्वालीफायर प्रतियोगिता के जरिए बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई। नीदरलैंड की टीम पहली बार महिला टी20 विश्व कप में भाग लेगी, जो उनके लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। बांग्लादेश ने क्वालीफायर में अपराजित रहते हुए दमदार प्रदर्शन किया था और अब वह ग्रुप चरण में नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

**दिग्गज टीमों की मौजूदगी**

**टूर्नामेंट** में गत चैंपियन न्यूजीलैंड, 2009 की पहली विजेता इंग्लैंड, 2016 की चैंपियन वेस्टइंडीज, मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप विजेता भारत और छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमें भी खिताबी दौड़ में शामिल होंगी। इससे प्रतियोगिता का स्तर और रोमांच दोनों बढ़ने की उम्मीद है।

**आईसीसी की प्रतिबद्धता**

**आईसीसी** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा कि महिला टी-20 विश्व कप 2026 के कार्यक्रम की घोषणा वैश्विक खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि आईसीसी महिला क्रिकेट में भागीदारी बढ़ाने, उच्च प्रदर्शन ढांचा मजबूत करने, आयोजन और प्रसारण मानकों को उन्नत बनाने, पुरस्कार राशि बढ़ाने और व्यावसायिक साझेदारियों के विस्तार के माध्यम से निरंतर निवेश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में आयोजित हालिया महिला क्रिकेट विश्व कप ने रिकॉर्ड दर्शक संख्या और व्यावसायिक सफलता हासिल की, जिसने महिला क्रिकेट को नई ऊर्जा और पहचान दी है।

## एक झलक

### भारतीय टीम को नेट रन रेट बढ़ाने को जिम्बाब्वे पर चाहिए होगी 150 रनों की जीत

**चेन्नई** : भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 विश्वकप के सुपर-8 के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अब बचे हुए दोनो मैचों में जीत के साथ ही रन रेट का भी ध्यान रखना होगा। भारतीय टीम अभी रन रेट के मामले में सबसे पीछे है। जहां दक्षिण अफ्रीका का नेट रन रेट प्लस 3.8 है पर वेस्टइंडीज की टीम ने सुपर-8 के अपने मुकाबे में जिम्बाब्वे को हराकर दूसरे नंबर पर खिसका दिया है। वेस्टइंडीज का नेट रन रेट प्लस 5.350 हो गया है। ऐसे में भारतीय टीम को अब अपना नेट रन रेट आगे करने के लिए जिम्बाब्वे पर करीब 150 रनों की बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। तभी भारतीय टीम रन रेट के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंचेगी। जो कि बहुत मुश्किल लग रहा है। टीम इंडिया का रन रेट अभी निगेटिव में है जिसे पॉजिटिव करने के लिए उसे जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए कम से कम 77 रनों की जीत हासिल करनी होगी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी भी तीसरे स्थान पर है, क्योंकि भारतीय टीम का नेट रन रेट माइनस में 3.800 का है। वहीं जिम्बाब्वे का -5.350 है। ऐसे में भारतीय टीम को दूसरे स्थान पर पहुंचना है तो उसे जिम्बाब्वे को 150 से ज्यादा रनों से हराना होगा। ज असंभव सा है। भारतीय टीम अभी तक केवल दो बार 150 या इससे ज्यादा रनों से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जीती है।

### बीसीएल में खेलते नजर आयेंगे धवन

**मुम्बई** : हाल में आयरलैंड की सोफी शाइन से दूसरी शादी करने वाले पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन अब बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) के दूसरे सत्र में खेलते नजर आएंगे। धवन बीसएल के दूसरे सत्र में ह्ययूपी ब्रिज स्टार्स की ओर से खेलेंगे। धवन जैसे अनुभवी क्रिकेटर का लाभ टीम के युवाओं को मिलेगा। इससे पहले इसे लीग के पहले सत्र में भी धवन ने अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। बिग क्रिकेट लीग का आयोजन ग्रेटर नोएडा के खेल परिसर में होगा। ये टूनार्मेंट 11 मार्च से शुरू होगा और इसका खिताबी मुकाबला 22 मार्च को खेला जाएगा। यूपी ब्रिज स्टार्स प्रबंधन को उम्मीद है कि धवन की कप्तानी में टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करेगी। उनके रहने से से युवा खिलाड़ियों को भी सीखने का काफी अवसर मिलेगा।बीसएल एक ऐसा टूनार्मेंट हैं जिसमें गली-मोहल्लों में खेलने वाले प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सितारों के साथ खेलने का अवसर मिलता है।

### पूजा आत्माराम पर डोप टेस्ट से बचने के आरोप में तीन साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली** : भारतीय लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने डोप टेस्ट से बचने के मामले में तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। एआईयू ने अपने विस्तृत फैसले में घटना का पूरा क्रम बताते हुए कहा कि खिलाड़ी ने परीक्षण की औपचारिक सूचना मिलने के बाद सैंपल देने से इनकार किया और चैपरॉन से बचकर भीड़ में भाग गईं। एआईयू के बयान के अनुसार, एथलीट को रेस समाप्त होते ही डोपिंग कंट्रोल अधिकारी द्वारा मौखिक रूप से परीक्षण के लिए सूचित किया गया था ।

# पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दिया 165 का टारगेट



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 स्टेज का 5वां मैच इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जा रहा है। कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। पाकिस्तानी टीम ने 19 ओवर में 8 विकेट पर 154 रन बना लिए हैं। शादाब खान क्रीज हैं। जोफ्रा आर्चर ने शाहीन अफरीदी (2 रन) को सैम करन के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर में लियाम डॉसन ने मोहम्मद नवाज (जीरो) और उम्मान खान (8 रन) को लगातार दो बॉल पर आउट किया। वे हैट्रिक चूक गए। फखर जमान (25 रन) आदिल रशीद का शिकार बने। जैमी ओवरटन ने ओपनर साहिबजादा फरहान (63 रन) और बाबर आजम (24 बॉल पर 25 रन) के विकेट झटके।पावरप्ले में कप्तान सलमान अली आगा (5 रन) को लियाम डॉसन और सईम अयूब (7 रन) को जोफ्रा आर्चर ने पवेलियन भेजा। मैच का स्कोरबोर्ड

**क्रिकेट का कीड़ा है, तो सॉल्व कीजिए ये सुपर क्विज**

**क्या** आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे टी20 वर्ल्ड कप टूनार्मेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम 'SUPER ओवर में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए।

जोफ्रा आर्चर को दूसरा विकेट, शाहीन आउट19वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने दूसरा विकेट लिया। उन्होंने शाहीन शाह अफरीदी को सैम करन के हाथों कैच कराया। शहीन 2 रन बनाकर आउट हुए। आर्चर ने पावरप्ले सईम अयूब (7 रन) का विकेट भी लिया था।

टी-20 वर्ल्डकप

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**इंग्लैंड :** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक (कप्तान), सैम करन, विल जैक्स, लियाम डॉसन, जैमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर और आदिल रशीद।

**पाकिस्तान :** साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान अली आगा (कप्तान), बाबर आजम, फखर जमान, उस्मान खान (विकेटकीपर), शादाब खान, मोहम्मद नवाज, शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा और उस्मान तारिक।

**लियाम डॉसन को लगातार दो बॉल पर दो विकेट**

18वें ओवर में लियाम डॉसन ने लगातार दो बॉल पर 2 विकेट लिए। लेकिन, हैट्रिक पूरी नहीं कर सके।
डॉसन ने मोहम्मद नवाज (जीरो) और उम्मान खान (8 रन) को लगातार दो बॉल पर आउट किया।
फखर जमान 25 रन बनाकर आउट 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर पाकिस्तान ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर फखर जमान (25 रन) को आदिल रशीद ने कैच आउट कराया।

**फरहान 63 रन बना कर आउट, ओवरटन को दूसरा विकेट**

16वें ओवर की चौथी बॉल पर पाकिस्तान ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर ओपनर साहिबजादा फरहान 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जैमी ओवरटन ने छइह कर दिया। इससे पहले उन्होंने बाबर आजम (24 बॉल पर 25 रन) को बोल्ड किया। सैम करन ने 5 रन का ओवर डाला, 15वें ओवर में सैम करन ने महज 5 रन दिए। उन्होंने इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं दी। सभी रन सिंगल के जरिए आए।

# धोनी ऐसी बाइक चलाते दिखे, जो भारत में लांच ही नहीं हुई थी



एजेंसी

**रांची** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बाइक्स के काफी शौकीन हैं। रांची की सड़कों पर भी वह कई बार बाइक चलाते दिखते हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक बाइकें हैं। जिसमें डुकाटी, कावासाकी, हार्ले-डेविडसन, यामाहा के अलावा कई विंटेज और हाई-परफॉर्मेंस बाइक्स भी हैं। वहीं अब धोनी एक वीडियो में ऐसी बाइक चलाते दिखें हैं जो भारत में कभी लांच ही नहीं हुई थी। ये यामहा की एसआर400 है। यह पुराने जमाने की ऐसी बाइक है जो भारत में कुछ ही लोगों के पास हैं। ये क्लासिक रेट्रो-स्टाइल मोटरसाइकिल साल 1970 की यूनिवर्सल जापानी मोटरसाइकिल्स से प्रेरित होकर 1978 में बनायी गयी थी पर 2021 में इसे बनाना बंद कर दिया गया। इसका कारण है कि यह पुरानी टेक्नोलॉजी वाली बाइक थी और प्रदूषण के नये मानकों पर खरी नहीं उतरी। यह बाइक कस्टमाइजेशन के कारण काफी लोकप्रिय हुई है। इससे भारत में कभी भी आधिकारिक रुप से लांच नहीं किया गया केवल ये आयात की गयी है। ये एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि दोपहिया वाहनों की दुनिया में एक टाइम मशीन की तरह है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 399सीसी का एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलिंडर इंजन है। इस बाइक की ट्यूनिंग इस तरह की गई है कि यह कम रफ्तार पर भी काफी अच्छी चलती है।इसमें इलेक्ट्रिक स्टार्ट का विकल्प भी नहीं है और किक से स्टार्ट होती है। ये ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी काफी अच्छे से चलती है। इसमें सिग्नेचर टीयरड्रॉप फ्यूल टैंक, गोल हेडलाइट और चमकता हुआ क्रोम एग्जॉस्ट दिया गया है।




दुबई में एटीपी टेनिस टूर्नामेंट में खेलते हुए कनाडा के फैलिक्स अगूर।

### भारतीय टीम के खिलाफ सुपर-8 में पिछली गलतियों को नहीं दोहरायेंगे : सैमन्स

**मुंबई** : जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स का कहना है कि वेस्टइंडीज से मिली हार से सबक लेते हुए वह भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले सुपर-8 मुकाबले में अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेगी। कोच के अनुसार उनकी टीम इस मैच में आक्रामक रणनीति अपनाएगी। वेस्टइंडीज से मिली हार से उबरकर उनकी टीम भारत के खिलाफ होने वाले मैच के लिए तैयार है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर-8 के अपने पहले ही मैच में जिम्बाब्वे 107 रनों से हारी है। वहीं भारतीय टीम भी पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हारी थी।


# प्रीमियर लीग : सुपर सब बेंजामिन सेस्को के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन को 1-0 से हराया



एजेंसी

**लिवरपूल** : प्रीमियर लीग 2025-26 में सोमवार को खेले गए मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए। जीत के नायक एक बार फिर सुपर सब बेंजामिन सेस्को बने, जिन्होंने मैदान पर उतरने के 13 मिनट बाद निर्णायक गोल दागा। सेस्को ने पिछले चार मैचों में तीसरी बार बेंच से आकर गोल किया और टीम को अहम अंक दिलाए। मैच के 71वें मिनट में उन्होंने शानदार फिनिश के साथ गेंद को गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड के पार पहुंचाया। यह गोल पूरे मैच का सबसे बेहतरीन मूव था। हमले की शुरूआत मैथियस कुन्हा की लंबी पास से हुई, जिसे ब्रायन म्बेउमो ने बेहतरीन तरीके से कंट्रोल किया और सटीक पास सेस्को को दिया। सेस्को ने बिना गलती किए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। अंतरिम कोच माइकल कैरिक ने गोल की तारीफ करते हुए इसे आत्मविश्वास से भरा और निर्णायक फिनिश बताया। मैच का अधिकांश समय दोनों टीमों की डिफेंस हावी रही। भारी पिच के कारण खेल की रफ्तार धीमी रही और आक्रमण में धार कम नजर आई। हालांकि यूनाइटेड ने जवाबी हमले में अपनी ताकत दिखाई और एकमात्र मौके को गोल में बदल दिया। इस जीत के साथ चौथे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड ने चेल्सी और लिवरपूल पर तीन अंकों की बढ़त बना ली है। टीम अब एस्टन विला से तीन अंक पीछे है। साथ ही, 13 जनवरी को रुबेन अमोरिम की जगह जिम्मेदारी संभालने वाले कैरिक की टीम लगातार छह मैचों से अजेय है।

# सितम्बर में फिर आमने-सामने होंगे फ्लॉयड मेवेदर और मैनी पैकियाओ



एजेंसी

**लॉस एंजिलिस** : दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ ने अपने चर्चित 2015 मुकाबले के रीमैच पर सहमति जता दी है। दोनों महान खिलाड़ी 19 सितंबर को लास वेगास में एक बार फिर आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला लास वेगास के अत्याधुनिक वेन्यू स्फीयर में आयोजित किया जाएगा और इसे नेटफ्लिक्स पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। करीब 49 वर्ष के मेवेदर ने हाल ही में नौ साल के प्रतिस्पर्धी संन्यास को समाप्त करने की घोषणा की थी। वहीं 47 वर्षीय पैकियाओ भी चार साल के अंतराल के बाद दोबारा रिंग में लौटे हैं। दोनों मुक्केबाजों ने अभी तक रीमैच के लिए वजन वर्ग और राउंड की संख्या की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि 2015 में हुए उनके पहले मुकाबले में मेवेदर ने निर्णायक जीत दर्ज की थी। हालांकि वह मुकाबला लंबे समय से बनी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाया, लेकिन कमाई के मामले में उसने पे-पर-व्यू के कई रिकॉर्ड तोड़े थे और वैश्विक स्तर पर भारी चर्चा बटोरी थी।

# हेटमायर के 85 और मोती के 4 विकेट से वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रन से रौंदा



टी20 विश्व कप 2026

एजेंसी

**मुंबई** : शिमरॉन हेटमेयर की तूफानी 34 गेंदों में 85 रन की पारी और गुडाकेश मोती के चार विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया।

**हेटमायर की रिकॉर्डतोड़ पारी**

**स्पिन** को मदद दे रही पिच पर हेटमायर ने सात चौके और सात छक्के जड़ते हुए 34 गेंदों में 85 रन ठोक दिए। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 254/6 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस टूर्नामेंट का सर्वोच्च और टी20 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। नंबर-2 पर बल्लेबाजी करते हुए हेटमायर ने महज 19 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर वेस्टइंडीज के लिए टी20 विश्व कप का सबसे तेज पचासा जड़ा। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल (23 गेंद, 2009) के नाम था। हेटमायर ने कप्तान रोवमन पॉवेल (35 गेंद में 59 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की। दोनों ने सिर्फ 45 गेंदों में 100 रन जोड़कर मैच पूरी तरह एकतरफा बना दिया। लक्ष्य के दबाव में बिखरा जिम्बाब्वे 255 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम तीसरे ओवर में 20/3 पर सिमट गई।

# एफआईएच मेन्स प्रो लीग के होबार्ट चरण में स्पेन ने शूटआउट में भारत को 4-3 से हराया



एजेंसी

**होबार्ट** : एफआईएच मेन्स प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पेन के खिलाफ कड़े मुकाबले में शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था, जिसके बाद विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। भारतीय टीम अब 25 फरवरी को होबार्ट चरण के अपने अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारत ने 19वें मिनट में बढ़त बनाई जब कप्तान हार्दिक सिंह ने शानदार टर्न लेते हुए मनींदर सिंह को पास दिया और मनींदर ने बेहतरीन टोमहॉक शॉट के जरिए गेंद जाल में पहुंचा दी। इससे पहले स्पेन ने शुरूआती मिनटों में आक्रामक खेल दिखाया और चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित ने शानदार बचाव किया। पहले हाफ में स्पेन को कई मौके मिले, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को बढ़त बनाए रखने में मदद की। अमित रोहिदास और जुगराज सिंह को पेनल्टी कॉर्नर पर मौके मिले, लेकिन स्पेनिश गोलकीपर लुइस कालजाडो ने अहम बचाव किए। तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने लगातार दबाव बनाया और बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिन्हें मोहित ने शानदार तरीके से रोका। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों को ग्रीन कार्ड के कारण एक-एक खिलाड़ी कम होने का सामना करना पड़ा। भारत के संजय को 45वें मिनट में ग्रीन कार्ड मिला। मैच के 59वें मिनट में भारतीय रक्षा पंक्ति की एक चूक भारी पड़ गई और ब्रूनो फॉन्ट ने शानदार गोल कर स्पेन को बराबरी दिला दी। अंतिम क्षणों में स्पेन को लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें विफल कर दिया और मुकाबला 1-1 से समाप्त हुआ। शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह के प्रयास चूक गए, जिसका फायदा उठाते हुए स्पेन ने 4-3 से जीत दर्ज की। इस हार के बावजूद भारत को एक अंक मिला।

# मूनी और गार्डनर के दम पर ऑस्ट्रेलिया की जीत



एजेंसी

**ब्रिस्बेन** : महिला वनडे विश्व कप जीतने के बाद अपना पहला एकदिवसीय मुकाबला खेल रही भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। एलन बॉर्डर फील्ड पर खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।
टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का कप्तान हरमनप्रीत कौर का फैसला भारत के लिए उल्टा साबित हुआ। अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाते हुए मेजबान गेंदबाजों ने भारतीय शीर्ष क्रम को जल्दी झटका दिया। प्रतिका रावल खाता खोले बिना आउट हो गईं, जबकि शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स भी सस्ते में पवेलियन लौट गईं। स्मृति मंधाना ने 68 गेंदों में 58 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की और हरमनप्रीत कौर (53) के साथ 48 रन की साझेदारी की। हालांकि मंधाना के आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई। दीप्ति शर्मा भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं। ऑस्ट्रेलिया की स्पिनर एशले गार्डनर (3/33) ने अहम विकेट झटके। कश्वी गौतम ने 43 रन की तेज पारी खेलकर स्कोर को 214 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन पूरी टीम 48.4 ओवर में ऑलआउट हो गई। मेगन शुट ने दो विकेट लिए। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली (50) और फोएबे लिचफील्ड ने 55 रन की मजबूत शुरूआत दी। भारत को सफलता स्पिनर श्री चारणी ने दिलाई, जिन्होंने लगातार दो विकेट लेकर मैच में वापसी की कोशिश की। इसके बाद बेथ मूनी ने 76 रन की संयमित पारी खेलते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। अंत में एनेबल सदरलैंड ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को 38.2 ओवर में 217/4 तक पहुंचा दिया। दो मैचों की वनडे सीरीज अभी बाकी है। भारत अब 27 फरवरी को होबार्ट में खेले जाने वाले दूसरे वनडे में वापसी की कोशिश करेगा। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज फिलहाल 4-4 अंकों की बराबरी पर है, जिसमें भारत ने टी20 सीरीज 2-1 से जीतकर चार अंक हासिल किए थे।

## एक झलक

### फोनपे ने लॉन्च किया एआई आधारित सर्च फीचर

**रांची :** फोनपे ने एक नया एआई-पावर्ड 'नेचुरल लैंग्वेज सर्च' फीचर लॉन्च किया है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री की मदद से बनाया गया है। इस फीचर की खासियत यह है कि अब फोनपे इस्तेमाल करने वाले लोग इन-ऐप टास्क को टेक्स्ट या वॉयस कमांड देकर कर सकेंगे। इससे ऐप को इस्तेमाल करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जायेगा और हर यूजर को अपनी जरूरत के हिसाब से बेहतर अनुभव मिलेगा। यह फीचर माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है, जिससे अब आपको ऐप के अंदर अलग-अलग बटन ढूंढने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सीधे आपकी बात को समझकर आपको सही जगह पर पहुंचा देता है। उदाहरण के लिए, अगर आप कहते हैं हेमंत को 20 रुपये भेजो, तो ऐप अपने आप पेमेंट वाला पेज खोल देगा और हेमंत का नाम चुन लेगा। इसी तरह, फास्टैग रिचार्ज या गोल्ड का भाव जैसे कमांड देने पर ऐप आपको सीधे उस पेज पर ले जायेगा जहां आपको आपकी जरूरत की जानकारी या ट्रांजैक्शनल का ऑप्शन मिल सके। यह फीचर सिर्फ पैसे भेजने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह आपकी जरूरत को भी समझ लेता है। यह आसानी से पहचान सकता है कि आप पेमेंट करना चाहते हैं, कुछ खरीदना चाहते हैं या फिर मदद के लिए कस्टमर सपोर्ट से बात करना चाहते हैं। यह सब एक खास 'हाइब्रिड मॉडल' के जरिए मुमकिन होता है, जिसमें फोन और क्लाउड दोनों का इस्तेमाल किया जाता है।

### कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ने मुम्बई में नया विकास कार्यालय खोला

**नयी दिल्ली :** कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ने मंगलवार को मुंबई में अपना डेवलपमेंट ऑफिस खोला है। इसका उद्घाटन राजनेता शाइना एनसी ने किया। इस दौरान कासाग्रैंड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरुण एमएन और सीनियर मैनेजमेंट टीम के लोग भी मौजूद रहे। कंपनी ने एक बयान में बताया कि लोअर परेल स्थित पेनिनसुला बिजनेस पार्क के टावर बी की 11वीं मंजिल पर स्थित यह कार्यालय पश्चिमी भारत में कैसाग्रैंड के विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कासाग्रैंड दक्षिण भारत का एक जाना-माना रेजिडेंशियल ब्रांड है। एक जनवरी 2017 से 30 जून 2025 के दौरान चेन्नई के रेजिडेंशियल सेक्टर में यह सबसे बड़ा डेवलपर रहा है। कासाग्रैंड ब्रांड के तहत लग्जरी, मिड-रेंज और किफायती कैटेगरी में अपार्टमेंट और इंडिपेंडेंट विला ऑफर करती है। रियल एस्टेट सेक्टर में 22 साल के अनुभव के साथ कासाग्रैंड के पास चेन्नई, बेंगलुरु, कोयंबटूर, हैदराबाद, पुणे जैसे पांच प्रमुख भारतीय शहरों और दुबई में 180 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स और 8.8 करोड़ स्क्वायर फीट से ज्यादा के डेवलपमेंट का मजबूत पोर्टफोलियो है। प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड ऑफिस का पता है, 11वीं मंजिल, टावर इ, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई- 400013 है। इस मौके पर कासाग्रैंड प्रीमियर बिल्डर लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण एमएन ने कहा, ह्लमुंबई में हमारे नए डेवलपमेंट ऑफिस का उद्घाटन हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि इस विस्तार से पार्टनर्स, कंसल्टेंट्स और स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर काम करने की हमारी क्षमता बढ़ेगी, साथ ही इस क्षेत्र में हमारे कामकाज में भी तेजी आयेगी।

# बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**नयी दिल्ली :** कमजोर ग्लोबल संकेत, आईटी सेक्टर के शेयरों में जोरदार बिकवाली, रुपये की कमजोरी और क्रूड ऑयल की कीमत में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। हालांकि दोपहर 1:30 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में निचले स्तर से मामूली सुधार भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.28 प्रतिशत और निफ्टी 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

दिनभर के कारोबार में आईटी सेक्टर में सबसे अधिक 4.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स भी आज दो प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क गया। इसके अलावा बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी गिरावट का शिकार होकर लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, मेटल, हेल्थ केयर, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी



के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 465.81 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.38 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## गैलेक्सी एई ने मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम का किया विस्तार

# यूजर्स को मिलेंगे अधिक विकल्प और बेहतर नियंत्रण

**रांची :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम में नये एई एजेंट जोड़कर एआई अनुभव को लगातार बेहतर बना रहा है, ताकि रोजमर्रा के डिजिटल काम और भी आसान, सहज और स्मार्ट बन सकें। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम में गैलेक्सी अकका विस्तार करते हुए 'मल्टी-एजेंट इकोसिस्टम' को और मजबूत करने की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य यूजर्स को अधिक विकल्प, और बेहतर नियंत्रण देना है, ताकि वे अपने दैनिक कार्य कम मेहनत और अधिक स्वाभाविक तरीके से पूरे कर सकें। कंपनी के अनुसार, अब लोग अलग-अलग कामों के लिए कई तरह के एई एजेंट्स का उपयोग कर रहे हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, 10 में से लगभग 8 यूजर्स दो या उससे अधिक एई एजेंट्स पर निर्भर हैं। इसी बदलाव को देखते हुए, सैमसंग गैलेक्सी एई को इस तरह विकसित कर रहा है कि यूजर अपनी पसंद और जरूरत के हिसाब से अलग-अलग इंटीग्रेटेड एआई अनुभवों को चुन सकें। गैलेक्सी एई को ऑपरेटिंग सिस्टम के स्तर पर गहराई से जोड़ा गया है। यह केवल किसी एक ऐप तक सीमित रहने के बजाय पूरे डिवाइस के सिस्टम लेवल पर काम करता है। यह यूजर की जरूरतों को समझते हुए ज्यादा स्वाभाविक और सरल इंटरैक्शन सुनिश्चित करता है।

### पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी का आईपीओ पहले दिन 59 फीसदी सब्सक्राइब

**नयी दिल्ली :** पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वैलरी लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार को बोली के पहले दिन ही 0.59 गुना सब्सक्राइब हुआ, जो इस आईपीओ के लिए योग्य संस्थागत खरीदार और खुदरा निवेशक की जबरदस्त मांग को दिखाता है। स्टॉक एक्सचेंज पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक इस इश्यू को ऑफर किए गए 57,06,235 इक्विटी शेयरों के मुकाबले 33,83,712 इक्विटी शेयरों की बोली मिलीं। आंकड़ों के मुताबिक योग्य संस्थागत क्रेता (क्यूआईबी) और खुदरा भाग 0.92 गुना और 0.37 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि गैर-संस्थागत निवेशक (एनआईआई) भाग 0.07 गुना सब्सक्राइब हुआ। पीएनजीएस रेवा डायमंड लिमिटेड ने इश्यू खुलने से एक दिन पहले एंकर निवेशक से लगभग 170.6 करोड़ रुपये जुटाए थे। एंकर निवेशकों में हिस्सा लेने वाले कुछ बड़े संस्थानों में सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरिशस, सोसाइटी जेनरल, एस्टॉर्न कैपिटल वीसीसी-आर्वेन, अंजय एजलेस एआईएफ फंड, और होलानी वेंचर कैपिटल फंड-1 शामिल हैं।

# 'डेस्टिनेशन त्रिपुरा बिजनेस समिट' पूर्वोत्तर के विकास की नयी कहानी के तौर पर उभरा : संताना

**नयी दिल्ली :** त्रिपुरा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संताना चकमा ने मंगलवार को कहा कि 'डेस्टिनेशन त्रिपुरा बिजनेस समिट' राज्य की बड़ी इकोनॉमिक क्षमता और पूर्वोत्तर के नए विकास की कहानी को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेशक के सामने पेश करने के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म के तौर पर उभरा है। संताना चकमा ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के तानसेन मार्ग में स्थित भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) में 'डेस्टिनेशन त्रिपुरा बिजनेस समिट' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह केवल एक बिजनेस समिट नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर भारत की अपार संभावनाओं, नवाचार और विकास की नई दिशा का सशक्त मंच था। संताना चकमा ने कहा कि देश-विदेश से आए सम्मानित




निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति निमार्ताओं के साथ संवाद एवं विचार-विमर्श करने का अवसर अत्यंत प्रेरणादायक रहा। त्रिपुरा राज्य में उभरते औद्योगिक अवसर, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, स्टार्टअप इकोसिस्टम, एग्री-बेस्ड इंडस्ट्री, बांस उद्योग, पर्यटन, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश की असीम संभावनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। संताना चकमा ने कहा कि निवेशकों के साथ सकारात्मक संवाद, नए संबंधों की स्थापना और भविष्य की संभावनाओं को लेकर उत्साह ने इस अनुभव को और भी यादगार बना दिया। उन्होंने कहा कि आशा है कि ऐसे प्रयास भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को आत्मनिर्भरता, औद्योगिक समृद्धि और सतत विकास की दिशा में नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस समिट में त्रिपुरा के विकसित हो रहे औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, चल रही बुनियादी ढांचा पहल और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उभरते अवसरों को प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन ने राज्य सरकार और उद्योग प्रतिनिधियों के बीच सार्थक जुड़ाव को सुगम बनाया, जिससे त्रिपुरा को एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया गया। समिट में विभिन्न क्षेत्रों में 2000 करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापन और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही एक विशेष राजदूत एवं उच्चायुक्त बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें राजनयिक समुदाय के सदस्यों और द्विपक्षीय चैंबर और व्यापार निकायों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। त्रिपुरा और पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को मजबूत करने, व्यापार संबंधों को बढ़ाने और निवेश एवं सहयोग के नए क्षेत्रों का अन्वेषण करने पर चर्चा केंद्रित रही। इसमें राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और नीति पहल, क्षेत्र-विशिष्ट प्रोत्साहन और राज्य में लागू निवेश सुविधा तंत्र पर भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ाव किया। इस अवसर पर जिंदल एडवाइजरी सर्विस के उपाध्यक्ष, वी आर शर्मा ने त्रिपुरा में निवेश के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उनकी कंपनी ने पहले ही 250 करोड़ रुपये का निवेश किया है और राज्य में और अधिक निवेश करने की योजना है।

## प्रोजेक्ट्सटुडे ने भारत में परियोजना इकोसिस्टम मजबूत करने के लिए एआई-संचालित अवसर प्लेटफॉर्म किया लॉन्च


**जमशेदपुर :** प्रोजेक्ट्सटुडे ने भारत के परियोजना इकोसिस्टम को और सशक्त बनाने के लिए एक एआई-संचालित व्यावसायिक अवसर प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। यह नया प्लेटफॉर्म परियोजना जीवनचक्र संदर्भ, निविदाओं और एल1/आदेश अपडेट, साथ ही हितधारकों की जानकारी को एक सहज और सुविधाजनक कार्यप्रणाली में एकीकृत करता है, जिससे संगठन सही समय पर सही परियोजनाओं से जुड़ सकें। प्लेटफॉर्म उन्नत एआई-सक्षम उपकरण प्रदान करता है, जिनमें बीओक्यू खोज, उप-परियोजना ट्रैकिंग, निविदा से आदेश तक की यात्रा की विजिबिलिटी, बोलीदाता और भागीदारी अंतर्दृष्टि, अवसर अनुमान उपकरण, विश्वसनीयता और विश्लेषण डैशबोर्ड, और हितधारकों के साथ बेहतर संबंध मानचित्रण शामिल हैं। ये क्षमताएं उपयोगकर्ताओं को प्रासंगिक अवसरों की तेजी से खोज और सही निर्णय लेने में मदद करती हैं। 25 वर्षों के रिसर्च-आधारित कवरेज के साथ प्रोजेक्ट्सटुडे 50,000 से अधिक सक्रिय परियोजनाओं पर नजर रखता है, जिनमें योजना, निविदा प्रक्रिया या कार्यान्वयन के विभिन्न चरण शामिल हैं। प्लेटफॉर्म हर महीने 1,500 से अधिक नयी परियोजनाओं, 10,000 से अधिक निविदाओं और 1,200 से अधिक एल1/आदेश अपडेट को कैप्चर करता है। इसका उद्देश्य केवल सूचना उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले प्रमोटरों, ठेकेदारों, सलाहकारों, आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और वित्तदाताओं के बीच अवसरों का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित करना है। यह पहल बेहतर समयबद्ध जुड़ाव, समन्वय और तीव्र कार्यान्वयन के माध्यम से भारत की परियोजना अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी, ताकि अवसर योजनाओं से साझेदारी और इरादों से परिणाम तक कुशलतापूर्वक प्रवाहित हों।

### अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में 8.1 फीसदी रह सकती है जीडीपी ग्रोथ : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में देश की सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रह सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने मंगलवार को जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में देश की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 फीसदी के करीब रहने का अनुमान जताया है। सरकार ने बेस ईयर 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया है, जिसके तहत जीडीपी के नए आंकड़े शुक्रवार, 27 फरवरी को जारी होंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय नए बेस ईयर 2022-23 के आधार पर जीडीपी के आंकड़े जारी करेगा। नया बेस ईयर डिजिटल कॉमर्स और सर्विस सेक्टर के बढ़ते प्रभाव को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। मंत्रालय की ओर से जीडीपी के पहली अग्रिम अनुमान रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2026-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 फीसदी एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं।

# रेवा डायमंड ज्वेलरी का आईपीओ लॉन्च, चार मार्च को हो सकती है लिस्टिंग

**नयी दिल्ली :** ज्वेलरी प्रोडक्शन सेक्टर में काम करने वाली कंपनी पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड का 380 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 26 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 27 फरवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि दो मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर चार मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। दोपहर 12 बजे तक कंपनी के इस आईपीओ को सिर्फ 0.05 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 367 रुपये से लेकर 386




रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 32 शेयर का है। रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को न्यूनतम एक लॉट यानी 32 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 12,352 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल इनवेस्टर्स इस आईपीओ में अधिकतम 16 लॉट यानी 512 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 1,97,632 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 98,44,559 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसमें एंकर इन्वेस्टर्स के लिए 44.94 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए स्मार्ट होराइजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। आईपीओ लॉन्चिंग के एक दिन पहले कल यानि सोमवार को रेवा डायमंड ज्वेलरी ने एंकर इन्वेस्टर्स से 170.58 करोड़ रुपये की राशि जुटाने में सफलता हासिल की। कंपनी ने 16 एंकर इन्वेस्टर्स को 386 रुपये प्रति शेयर के भाव पर कुल 44.19 लाख शेयर आवंटित किए। कंपनी के एंकर बुक में कई बड़े इन्वेस्टर ने अपने रुचि दिखाई है। इनमें टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड ने 40 करोड़ रुपये के निवेश से सबसे अधिक 10.36 लाख शेयर खरीदे हैं। इसी तरह टाइगर स्ट्रेटजीज फंड ने 24 करोड़ रुपये और सेजवन फ्लैगशिप ग्रोथ फंड ने 20 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके अलावा ग्रो म्युचुअल फंड, सिटी ग्रुप ग्लोबल और सोसायटी जनरल जैसे दिग्गज इन्वेस्टर भी कंपनी के एंकर बुक में शामिल हुए हैं।

## पेज एक के शेष

**वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1,58,560 करोड़ रुपये का पेश किया बजट...**

उन्होंने कोयला आपूर्ति के बदले सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को 1.36 लाख करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न करने को लेकर भी केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 01 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये का सकल बजट अनुमान है, जो गत वर्ष से लगभग 09 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व व्यय के लिए 01 लाख 20 हजार 851 करोड़ 90 लाख पये प्रस्तावित है, जो गत वर्ष से 9.2 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय अन्तर्गत गत वर्ष के बजट पर 8. 5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 37 हजार 708 करोड़ 10 लाख रुपये का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में प्रावधानित राशि के लिए निधि की व्यवस्था इस प्रकार होगी। राज्य को अपने कर राजस्व से 46 हजार करोड़ रुपये और गैर कर राजस्व से 20 हजार 700 करोड़ रुपये केन्द्रीय सहायता से 18 हजार 273 करोड़ 66 लाख रुपये तथा केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 51 हजार 236 करोड़ 38 लाख रुपये, लोक ऋण से 22 हजार 49 करोड़ 96 लाख रुपये एवं उधार तथा अग्रिम की वसूली से 300 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटा 13 हजार 595 करोड 96 लाख रुपये होने का अनुमान है, जो कि अनुमानित जीएसडीपी का 2.18 प्रतिशत है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बताया कि वर्तमान मूल्य पर झारखण्ड का जीएसडीपी वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 05 लाख 16 हजार करोड़ रुपये रहा। सरकार का प्रयास होगा कि अगले 05 वर्षों में इसे दोगुना किया जाये। इसके लिए हमें वर्तमान मूल्य पर करीब 14 प्रतिशत का विकास करना होगा। स्थिर मूल्य पर यह करीब 09 से 10 प्रतिशत की विकास दर होगी। उन्होंने कहा कि 14.1 प्रतिशत की लक्षित विकास दर राज्य के मौजूदा संसाधनों का उपयोग करके, बाहरी कारकों, विशेष रूप से सूखे के प्रभाव को निष्प्रभावी करके और विकास को बढ़ावा देने वाले उपायों को लागू करके हासिल की जायेगी। इस क्रम में ग्रोथ इंजन कृषि, उद्योग, भौतिक संरचनाओं का विकास, वित्तीय सेक्टर का विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा पर विशेष बल दिया जायेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि महिला किसान खुशहाली योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसके अंतर्गत महिला किसानों को एकीकृत खेती से जोड़ कर अद्यतन तकनीक की मदद दी जायेगी और ऑफलाईन एवं ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ा जायेगा। इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 25 करोड़ का बजटीय उपबंध किया गया है। गन्ना, जूट एवं अन्य नकदी फसलों का क्षेत्र विस्तार किया जायेगा। इसके लिए पुरानी योजना को 'नकदी फसल विकास एवं विस्तार योजना' पुनर्नामित करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 19 करोड़ 88 लाख रुपये का बजटीय उपबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एलएएमपीएस/पीएसीएस में सहकारी विपणन परिसर-सह-सौर पैनल आधारित कोल्ड रूम के निर्माण के लिए कुल 162 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये का बजटीय प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि झारखंड के सभी 17 सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों और 06 नवनिर्मित पॉलिटेक्निक संस्थानों को आईआईटी और एनआईटी की तर्ज पर जेएचआईटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। राज्य के चतरा जिला मुख्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी।

उन्होंने कहा कि कैंसर रोग की रोकथाम के लिए झारखंड के सभी पांच सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पीईटी और सीटी स्कैन मशीन का अधिष्ठापन किया जायेगा। प्रारम्भिक अवस्था में ही ब्रेस्ट कैंसर रोग की पहचान कर लिए जाने के उद्देश्य से राज्य के सभी 24 जिला सदर अस्पताल में मैमोग्राफी मशीन स्थापित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कैथलैब की स्थापना की जायेगी। इसके अलावा राज्य में 750 अबुआ दवाखाना खोले जाने का लक्ष्य है। इसके माध्यम से लोगों में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवा उपलब्ध करायी जायेगी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य के 06 चयनित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से एआई विषय पर प्रशिक्षण प्रारंभ करने की योजना है। लघु वन पदार्थ का उन्नयन योजना के अंतर्गत पलामू वन प्रमंडल के कन्दरी लाह फॉर्म का जोर्णोद्धार एवं विकास कार्य किए जायेंगे, ताकि लाह उत्पादन में वृद्धि हो सके एवं स्थानीय ग्रामीणों को आय के साथ-साथ रोजगार का सृजन हो सके। वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 1644 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में नये पथों के निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 122 पुल का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुलों के निर्माण कार्य के लिए 730 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम मंच के माध्यम से झारखंड ने 01 लाख 24 हजार 230 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किये हैं, जिनसे इस्पात, ऊर्जा, विनिर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में लगभग 45 हजार रोजगार अवसर सृजित होने की सम्भावना है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 20 हजार करोड़ का निवेश लाया जायेगा, जिससे राज्य के लगभग 15 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की सम्भावना है। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पर्यटन के क्षेत्र में रांची जिलान्तर्गत दशम और जोन्हा जलप्रपात में ग्लास ब्रिज और रोप-वे का निर्माण किया जायेगा। इसके अलावा हुण्डरू जलप्रपात रोप-वे का विकास कार्य कराया जायेगा। रामगढ़ जिलान्तर्गत रजरप्पा में पर्यटकीय विकास के साथ-साथ पतरातु में स्काइवॉक एवं पतरातु जलाशय में सोलर बोट तथा फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट का अधिष्ठापन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लातेहार जिले के नेतरहाट स्थित कोयल व्यू प्वाइंट पर एक कांच का वॉच टावर बनाया जायेगा और मैग्नोलिया प्वाइंट पर एक स्काईवॉक का निर्माण किया जायेगा। देवघर जिले में पुनासी बांध का पर्यटन विकास, पलामू जिले में मलय बांध का पर्यटन विकास, चतरा जिले में कोलेश्वरी पहाड़ी पर रोपवे का विकास और खूंटी जिले में पेरवाघाघ जलप्रपात और पांडु-पुडिंग पिकनिक स्थल के इको-टूरिज्म सर्किट का विकास किया जायेगा। वित्त मंत्री ने बताया कि इस वर्ष का परिणाम बजट लगभग 138 बाल-संबंधी योजनाओं के आधार पर तैयार किया गया है, जिसके लिए कुल ?10,793 करोड़ 16 लाख का आवंटन किया गया है। यह राशि राज्य की कुल योजना राशि का लगभग 10.7 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी लैंगिक बजट तैयार किया गया है, जो परिणाम बजट से सम्बन्धित विभागों की योजनाओं पर आधारित है। इस वर्ष, 17 विभागों की महिलाओं से सम्बन्धित लगभग 232 योजनाओं के आधार पर लैंगिक बजट तैयार किया गया है, जिसके लिए कुल 34 हजार 211 करोड़ 27 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं। इससे पहले, विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रभारी मंत्री ने सत्ताधारी और विपक्षी दोनों दलों के कई सवालों के जवाब दिये। वित्त मंत्री के बजट भाषण के बाद, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही को बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग को 12,347 करोड़ रुपये का बजट : दीपिका पांडेय...**

बढ़ाकर 5,081 करोड़ रुपये किया गया है। यह राशि ग्रामीण सड़कों, पुल-पुलियों और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में खर्च की जायेगी। इससे दुर्गम गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग का बजट 2,144 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,283 करोड़ रुपये किया गया है। यह प्रावधान पंचायतों को सशक्त बनाने, पंचायत सचिवालयों को मजबूत करने और स्थानीय स्वशासन को प्रभावी बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए संचालित 250 योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार ने इस बार लगभग 34,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जेंडर बजटिंग को 35 प्रतिशत तक ले जाकर महिलाओं को बराबरी के साथ आगे बढ़ाने का स्पष्ट संकल्प दर्शाया गया है। वहीं, बच्चों के बजट (चाइल्ड बजटिंग) के तहत 132 योजनाओं के लिए 10 प्रतिशत से अधिक, यानी 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि निर्धारित की गयी है। मंत्री ने कहा कि यह बजट पूरी तरह समावेशी है, जो महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण समाज को केन्द्र में रख कर तैयार किया गया है।

**झारखंड के बजट में कृषि विभाग के लिए 4,884 करोड़ रुपये का प्रावधान : शिल्पी नेहा...**

को एकीकृत कृषि मॉडल से जोड़ा जायेगा और आधुनिक तकनीक की सहायता प्रदान की जायेगी। साथ ही, उन्हें ऑफलाइन और ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा जायेगा। मंत्री तिर्की ने बताया कि आउटकम बजट के आधार पर इस वर्ष 17 विभागों की 232 महिला सम्बन्धित योजनाओं को शामिल करते हुए जेंडर बजट तैयार किया गया है। इसके तहत कुल 34 हजार 211 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि उपबंधित की गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की आर्थिक संरचना मुख्यतः कृषि आधारित है, इसलिए सरकार की प्राथमिकता किसानों को ऋण से मुक्त करना और उनकी आय में वृद्धि करना है। अद्यतन आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार कृषि क्षेत्र में रोजगार का प्रतिशत पिछली तिमाही के 44.3 प्रतिशत से बढ़ कर 50.4 प्रतिशत हो गया है। मंत्री ने बताया कि बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण एवं फसल विस्तार योजना के लिए बजट 95 करोड़ से बढ़ा कर 145 करोड़ रुपये किया गया है। मृदा एवं जल संरक्षण के तहत बंजर भूमि राइस फैलो उपयोजना एवं जल निधि उपयोजना के लिए 475 करोड़ 50 लाख रुपये प्रस्तावित है। कृषि समृद्धि योजना (सौर ऊर्जा आधारित) के लिए 75 करोड़ रुपये, कृषि यंत्र वितरण योजना के लिए 80 करोड़ रुपये, जिसके तहत मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, पंप सेट, रीपर और ट्रांसप्लांटर वितरित किये जायेंगे। झारखंड राज्य मिलेट मिशन के लिए 25 करोड़ रुपये। नकदी फसल विकास एवं विस्तार योजना के लिए 19 करोड़ 88 लाख रुपये तथा राज्य उद्यान विकास योजना के तहत 245 करोड़ 80 लाख रुपये का आवंटन किया गया है। पशुपालन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 481 करोड़ 35 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत गिरिडीह और सरायकेला में 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता की नयी डेयरियों की स्थापना की जायेगी। साथ ही, रांची में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का मिल्क पाउडर प्लांट और उच्च क्षमता वाले मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की स्थापना के लिए झारखंड मिल्क फेडरेशन को सहायता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 400 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में लैम्प्स/पैक्स में सहकारी विपणन परिसर सह सोलर पैनल आधारित कोल्ड रूम निर्माण का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए 162 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये का प्रावधान है। भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 100 एमटी के 48 गोदाम, 500 एमटी के 24 गोदाम और 2500 एमटी के 72 गोदाम बनाये जायेंगे, जिस पर 160 करोड़ 26 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। तालाब एवं जलाशय मत्स्य विकास और जीर्णोद्धार योजना के लिए 106 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह बजट कृषि क्षेत्र में समग्र विकास, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा तथा झारखंड को आत्मनिर्भर कृषि राज्य बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने की एयर एम्बुलेंस दुर्घटना की समीक्षा...**

रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) की गहन जांच की जायेगी। इसके साथ ही मौसम की स्थिति, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संवाद, विमान के मेंटेनेंस रिकॉर्ड और पायलटों के अनुभव की भी जांच होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि तकनीकी जांच के लिए दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम पहुंचेगी, जो ब्लैक बॉक्स बरामद करने का प्रयास करेगी, ताकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

दरअसल, रांची से दिल्ली जा रही रेडबर्ड एयरवेज प्रा. लि. की एयर एम्बुलेंस सोमवार देर रात चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित कसियातु जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में विमान में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने देर रात तक सभी शव बरामद कर लिये थे। विमान ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान के कुछ समय बाद कोलकाता एटीसी से संपर्क टूट गया, जिसके बाद रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर को सक्रिय किया गया। खोजबीन के दौरान विमान का मलबा कसियातु जंगल में मिला। विमान में दो पायलट कैप्टन विवेक और कैप्टन सबराजदीप के अलावा मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भगीना ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता तथा पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा सवार थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

**कैबिनेट ने 9,072 करोड़ की तीन रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी...**

इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1,067.35 करोड़ रुपये है और इसे लगभग चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**2026-27 सीजन के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी**

**आर्थिक** मामलों की कैबिनेट कमेटी ने मंगलवार को (सीसीईए) विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नये 'सेवा तीर्थ' में आयोजित केन्द्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सीसीईए ने विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 ग्रेड) का एमएसपी 5,925 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

**श्रीनगर एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल बनाने की मिली मंजूरी**

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सिविल एन्क्लेव के विस्तार को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर लगभग 1,677 करोड़ रुपये की लागत आयेगी और इसके पूरा होने पर हवाई अड्डे की क्षमता में वृद्धि होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी।

**पावर ग्रिड सहायक कम्पनियों में कर सकेगी ज्यादा निवेश**

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने पावर ग्रिड कॉरपोरेशन को अपनी सहायक कम्पनियों में निवेश करने की सीमा 05 हजार से बढ़ा कर 7.5 हजार करोड़ कर दी है। इस मंजूरी से पावरग्रिड को अपने मुख्य व्यवसाय में निवेश बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के उपयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इससे गैर-जीवाश्म-आधारित स्रोतों से 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

## एक झलक

### 15 फीसद टैरिफ अलग से लगा सकते हैं ट्रम्प

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ को लेकर दिए फैसले के बाद अमेरिका कुछ नए उत्पादों पर भारी टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने की तैयारी में जुटा है। इन उत्पादों में बड़ी बैटरियां, कास्ट आयरन, प्लास्टिक पाइप, इंडस्ट्रियल केमिकल, पावर ग्रिड और टेलीकॉम उपकरण जैसे सेक्टर शामिल हो सकते हैं। अगर अमेरिका नए 'राष्ट्रीय सुरक्षा' टैरिफ लगाता है, तब उसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ सकता है, खासकर मेटल, केमिकल, औद्योगिक पुर्जों के निर्यात पर, क्योंकि ये चीजें ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये टैरिफ 1962 के ट्रेड कानून के एक प्रावधान सेक्शन 232 के तहत लगाए जा सकते हैं। यह प्रावधान राष्ट्रपति को 'राष्ट्रीय सुरक्षा' के नाम पर आयात पर शुल्क लगाने की अनुमति देता है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि ये नए ग्लोबल 15 फीसदी टैरिफ से अलग होगा, जिसे ट्रंप ने पांच महीने तक लागू रखने का प्रस्ताव दिया है।

### अमेरिका-चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव

**वॉशिंगटन :** अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने चीन पर आरोप लगाया है कि उसने लगभग छह साल पहले एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने कहा कि लगभग छह साल पहले, 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है। येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढकर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच जाएगी और अगले 4-5 सालों में चीन, अमेरिका के बराबर हो सकता है।

### कनाडा में एक सिख व्यक्ति की हत्या

**ओटावा :** कनाडा में एक सिख व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सुर्खियों है, इस हत्याकांड ने भारतीय समुदाय को झकझोर दिया है। हाल ही में तीन बच्चों के पिता बने 57 वर्षीय अवतार सिंह का दिनदहाड़े अपहरण किया गया और कुछ दिनों बाद उनका शव दूर जंगल इलाके में मिला। पुलिस का कहना है कि यह गलत पहचान का मामला हो सकता है। घटना पिछले मंगलवार दोपहर की है। रिपोर्ट के मुताबिक अवतार एक गुरुद्वारे के बाहर मौजूद थे, तभी अचानक कार वहां आकर रुकी। इसके बाद चंद सेकंड में तीन लोग बाहर निकले और उन्हें जबरन गाड़ी में धकेल दिया। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले गाड़ी तेजी से निकल गई। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### हेलीकॉप्टर क्रैश चार लोगों की मौत

**तेहरान :** ईरान की खामेनेई सरकार इन दिनों चौतरफा मुसीबत से घिरी हुई है। एक ओर ट्रंप हथियार ताने खड़े हैं, दूसरी ओर देश के अंदर छात्रों का उग्र प्रदर्शन शुरू हो चुका है। इस बीच हाल ही में एक और बुरी खबर आई है। मंगलवार को ईरानी आर्मी की एविएशन यूनिट का हेलीकॉप्टर क्रैश होकर सीधा सब्जीमंडी पर जाकर गिरा है। सेंट्रल ईरान में हुए हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे में प्लेन में मौजूद पायलट, को-पायलट की मौत हो गई, लेकिन इसके साथ ही दो सब्जी विक्रेताओं की मौत हो गई।

# प्रधानमंत्री मोदी कल से दो दिवसीय इज़राइल दौरे पर, नेतन्याहू के साथ करेंगे व्यापक वार्ता

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 फरवरी से इजराइल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और इजराइली संसद नेसेट को संबोधित भी करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 12:45 बजे तेल अवीव पहुंचेंगे। आगमन पर दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच संक्षिप्त मुलाकात होगी। पहले दिन प्रधानमंत्री नेसेट को संबोधित करने के अलावा भारतीय मूल के लोगों के साथ एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। रात्रि में वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा आयोजित निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। यात्रा के दूसरे दिन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित याद वाशेम जाकर होलोकॉस्ट स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां नाजी अत्याचारों में मारे गए लाखों यहूदियों की स्मृति संरक्षित है। इसके बाद प्रधानमंत्री इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होगी। वार्ता के बाद नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम



बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय और यहूदी समुदाय के सदस्यों के साथ भी संवाद करेंगे। यह यात्रा रणनीतिक, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इजराइल दौरा होगा और दोनों देशों के बीच 'रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। सरकार के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने 4-6 जुलाई 2017 को इजरायल की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इजरायल यात्रा थी, जिसके दौरान द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत किया गया था। इसके बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत का दौरा किया था।

दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हाल के वर्षों में नियमित संवाद बना रहा है। वर्ष 2023 से 2026 के बीच दोनों नेताओं ने विभिन्न अवसरों पर टेलीफोन वार्ता कर क्षेत्रीय हालात, आतंकवाद, पश्चिम एशिया की स्थिति तथा द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। गत जनवरी में दोनों नेताओं ने नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हुए क्षेत्रीय स्थिति की समीक्षा की। भारत-इजरायल संबंधों में रक्षा और सुरक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। नवंबर 2025 में भारत के रक्षा सचिव की इजरायल यात्रा के दौरान रक्षा सहयोग पर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे सामरिक सहयोग को नई गति मिली है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सितंबर 2025 में इजरायल के वित्तमंत्री की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय निवेश समझौता पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसका उद्देश्य निवेश संरक्षण और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

# मोदी ने की अमेरिका से देश बेचने की डील : राहुल

एजेंसी

**भोपाल :** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में मंगलवार को मप्र की राजधानी भोपाल के जवाहर चौक पर कांग्रेस ने किसान महाचौपाल बुलाई। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमला किया। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। वे चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहते थे। राहुल ने कहा कि मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। हिंदुस्तान को बेच दिया। किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील में प्रधानमंत्री ने देश को बेच दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते से देश का



### दबाव में शर्तें मानने से देश को शर्मिन्दगी उठानी पड़ी

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली से रवाना होने से पहले कहा कि देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दबाव में आकर उनकी शर्तें मान लीं, जिससे देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी उठानी पड़ी। ऐसे फैसले लिए गए, जो किसानों के हितों के खिलाफ हैं और देश को कमजोर करते हैं।

डेटा सौंपा गया, किसानों, टेक्सटाइल उद्योग और रोजगार को नुकसान पहुंचाया गया, जो शर्म की बात है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि अमेरिका में अडानी से जुड़े मामलों को लेकर प्रधानमंत्री चिंतित हैं और 14 महीनों से कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**नरेन्द्र मोदी डरपोक पीएम हैं**

**खड़गे** ने कहा कि मोदी जैसा प्रधानमंत्री आज तक नहीं देखा। मोदी आज आंख में आंख मिलाकर बात नहीं कप पाते। अपनी बात नहीं रखते। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं कर पाते। सिर्फ बात करते हैं। मन की बात करते हैं। नरेंद्र मोदी डरपोक पीएम हैं। वह सिर्फ कांग्रेस को डराने का काम करते हैं, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे।

**मोदी ने किसानों को खत्म किया, हमारा डेटा दिया**

**राहुल** गांधी ने कहा कि मोदी ने किसानों को खत्म किया। हमारा डेटा दिया। टेक्स्टाइल इंडस्ट्री को खत्म किया। अब कहते हैं हम बांग्लादेश की मदद करेंगे। टेक्स्टाइल में जीरो परसेंट टैक्स लगाएंगे। हमारा मंत्री कहता है कि हिंदुस्तान अमरीका से कपास खरीदेगा तो टैक्स जीरो। ट्रंप कहता है कि हर साल हिंदुस्तान को नौ लाख करोड़ रुपए का माल अमरीका से खरीदना पड़ेगा। पांच साल के लिए। बात समझिए। ऐसे में हमारी इंडस्ट्री का क्या होगा? मोदी ने दबाव में सब दे दिया। मैं पूछता हूं आपने लिया क्या? मुझे एक चीज बता दो। कुछ नहीं लिया। पहले से ज्यादा टैक्स हम देंगे। हमारा पहले कम था। हम कोई इंपोर्ट की गारंटी नहीं दी। मैं लिखकर दे सकता हूं, अगर मोदी पर दबाव और धमकी नहीं होती तो वे ऐसा नहीं करते। राहुल ने कहा कि ये जो बेचा है अपनी छवि और राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए किया।

# युद्धाभ्यास 'खड़ग शक्ति' में दिखी भारत की सैन्य शक्ति, युद्ध कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन

एजेंसी

**बीकानेर :** एशिया की सबसे बड़ी महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में ह्यखड़ग शक्ति' युद्धाभ्यास के दौरान भारतीय सेना की सैन्य शक्ति एक बार फिर देखने को मिली। सेना ने आधुनिक और पारंपरिक युद्ध कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान दस हजार फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपरों की सामरिक छलांग, चेतक और चीता हेलीकॉप्टरों द्वारा त्वरित एम्युनिशन आपूर्ति व रेकी, हथियारों से लैस अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की सटीक मार कार्रवाई, स्वॉर्म और लॉजिस्टिक ड्रोन का उपयोग के साथ-साथ तोपखाने की समन्वित फायरिंग का प्रदर्शन हुआ।

अभ्यास में ड्रोन ऑपरेशन्स, दिव्यास्त्र बैटरी, अग्निबाण रेजीमेंट, अश्नी योद्धा सिस्टम, स्मर्च रॉकेट सिस्टम और इंटीग्रेटेड आर्टिलरी फायरपावर का प्रदर्शन



किया गया। अंतिम चरण में पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार खटियार और टू कोर कमांडर जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर की उपस्थिति में संयुक्त युद्धाभ्यास और एयरबोर्न ऑपरेशन का लाइव प्रदर्शन हुआ। 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई से पैराड्रॉप, सटीक आर्टिलरी स्ट्राइक और दुश्मन क्षेत्र में घुसकर कार्रवाई का सिमुलेशन इस अभ्यास की खास झलक रही। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण करते हुए विभिन्न चरणों की समीक्षा की।

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान महाजन की रेतीली धरा पर सेना की तोपें और टैंको ने अपनी गर्जना से आसमान गुंजायमान कर दिया और ड्रोन तकनीक के उपयोग पर विशेष फोकस किया गया। युद्धाभ्यास में नाइट फायरिंग (रात्रि कालीन युद्धाभ्यास) पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके माध्यम से अंधेरे में भी दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को अचूक निशानों से ध्वस्त करने का अभ्यास किया गया।

### एम्स में डॉक्टर से अभद्रता, दो गिरफ्तार

**गोरखपुर :** गोरखपुर के एम्स में काम करने वाली नागालैंड की 25 साल की रेजिडेंट डॉक्टर के साथ छेडखानी और गाली-गलौज करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने मॉल से लौट रही पीड़िता का पीछा किया, जहां वो खरीदारी के लिए गई थी। उन्होंने एम्स के एंट्रेंस के पास उसे गलत तरीके से छूने से पहले कथित तौर पर रास्ते भर छींटाकशी की। गोरखपुर एसपी अभिनव त्यागी ने कार्रवाई के संबंध में कहा कि इस मामले में तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### राहुल गांधी भारत को शर्मिन्दा करने की साजिश में बेनकाब : गौरव भाटिया



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एआई शिखर सम्मेलन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत को शर्मिंदा करने की साजिश रची, जो अब परत-दर-परत सामने आ रही है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाटिया ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में विरोध-प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एआई समिट के दौरान, जब पूरी दुनिया की नजर भारत पर थी, उस समय युवा कांग्रेस ने टी-शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन किया। भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत को शर्मिंदा और बदनाम करने के लिए साजिश रची। आज हालात ऐसे हो गए हैं कि वह स्वयं राजनीतिक रूप से बेनकाब हो चुके हैं।

# तेलंगाना में चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**हैदराबाद :** प्रतिबंधित कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के चार वरिष्ठ कार्यकताओं ने मंगलवार को तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में मुख्यधारा में लौट आए। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वालों में पोलित ब्यूरो सदस्य टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी उर्फ कुम्मा दादा, सेंट्रल कमेटी सदस्य मल्लराजी रेड्डी उर्फ संग्राम उर्फ रंगाराम, तेलंगाना स्टेट कमेटी सचिव बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन तथा स्टेट कमेटी सदस्य नून नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना उर्फ रन्ना दादा शामिल हैं। डीजीपी शिवधर रेड्डी ने इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि



पिछले दो वर्षों में कुल 591 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। इनमें चार सेंट्रल कमेटी सदस्य, 16 राज्य कमेटी सदस्य, 26 डिवीजन कमेटी सदस्य एवं सचिव, 85 एसीएस तथा 60 अन्य सक्रिय सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में जन्मे और पले-बढ़े 11 माओवादी अभी भी छिपे हुए हैं, जिनमें से कुछ वार्ता कर रहे हैं और उनके भी जल्द आत्मसमर्पण करने की संभावना है। डीजीपी ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के आह्वान पर कई माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सार्वजनिक जीवन में लौटने की इच्छा जताई है। सरकार आत्मसमर्पण करने वालों को घोषित इनाम राशि और पुनर्वास पैकेज तत्काल उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है- जो हथियार छोड़ेंगे, उन्हें सम्मानजनक जीवन दिया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति 25-26 को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 25-26 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को बताया कि इस दौरान वह 26 फरवरी को कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय परिसर स्थित कन्वोकेशन कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाला यह समारोह संस्थान और उसके विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि माना जा रहा है। उपराष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद कश्मीर घाटी की उनकी यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी, जिससे समारोह का महत्व और बढ़ गया है।

# रश्मिका-विजय की शादी की रस्में शुरू

**उदयपुर :** साउथ भारतीय सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और अभिनेता विजय देवरकोंडा जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों सितारे राजस्थान के खूबसूरत शहर उदयपुर पहुंच चुके हैं, जहां उनके प्री-वेडिंग समारोहों की शुरूआत हो चुकी है। शादी के जश्न की शुरूआत एक खास प्री-वेडिंग डिनर से हुई, जिसकी झलक खुद रश्मिका ने सोशल मीडिया पर शेयर की। इस दावत की थीम जापानी रखी गई थी, जिसमें व्यंजनों को बेहद आकर्षक तरीके से परोसा गया। सजावट में मेजों पर गुलाबी लिली और हरे हाइड्रेंजिया के फूलों के गुलदस्ते रखे गए थे, वहीं सेब और अंगूरों की खूबसूरत सजावट ने माहौल को और खास बना दिया। मेहमानों के लिए प्रिंटेड मेनू कार्ड भी तैयार किए गए थे, जो इस आयोजन की भव्यता को दशार्ते हैं। विजय देवरकोंडा ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दोस्तों के साथ पूल वॉलीबॉल का आनंद लेते हुए तस्वीरें शेयर की हैं, जो इस जश्न के मस्ती भरे माहौल की झलक देती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 24 फरवरी को मेहंदी की रस्म आयोजित की जाएगी, जिसमें परिवार और करीबी लोग शामिल होंगे। इसके बाद 25 फरवरी को हल्दी और संगीत की रस्में होंगी, जबकि 26 फरवरी को दोनों सितारे सात फेरे लेंगे। इस शाही शादी के लिए उदयपुर के आलीशान द मोमेंट्स रिजॉर्ट को चुना गया है। फैंस इस हाई-प्रोफाइल वेडिंग को लेकर काफी उत्साहित हैं और सोशल मीडिया पर इस जोड़ी को लगातार शुभकामनाएं दे रहे हैं।



# सिंगापुर में मिले एक लाख करोड़ निवेश के प्रस्ताव : योगी

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029-30 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ सिंगापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सिंगापुर में टीम यूपी को लगभग एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' ने विभिन्न कंपनियों के साथ हस्ताक्षरित किए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी हो चुकी है। निवेशकों को उत्तर प्रदेश में हो रही प्रत्येक गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में ही यूपी को इतना बड़ा निवेश प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निवेश प्रदेश को एक ट्रिलियन



डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

**नौ वर्षों में यूपी ने तेजी से किया विकास**

**मुख्यमंत्री** कार्यालय के मुताबिक मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर व जापान की यात्रा पर आया है। सिंगापुर पहुंचने के बाद सुबह 8:30 बजे से देर रात तक लगातार बैठकें चलीं और दूसरे दिन भी प्रातःकाल से ही कार्यक्रम जारी रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने समग्र विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ-नौ वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जन-कल्याण के क्षेत्रों में तेज गति से विकास किया है। आज भारत और उत्तर प्रदेश की छवि विश्व स्तर पर अत्यंत सकारात्मक रूप में देखी जा रही है।

### एआई सैट्स 4458 करोड़ निवेश करेगी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन आज उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का एक और तोहफा मिला है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और दूसरा विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन। इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर एआई सैट्स 4458 करोड़ रुपये निवेश करेगी। एमओयू के अनुसार, एआई सैट्स जेवर एयरपोर्ट परिसर में एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस का निर्माण करेगी।

**सिंगापुर में एक सौ से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से की मुलाकात**

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि पिछले दो दिनों में उन्होंने एक सौ से अधिक प्रतिनिधियों से भेंट की है। सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ भी उनकी सकारात्मक व सार्थक वार्ता हुई। इसके अतिरिक्त प्रमुख फिनटेक कंपनियों के अध्यक्ष व सीईओ के साथ भी बैठकें की गईं। कई कंपनियां पहले से भारत और उत्तर प्रदेश में निवेश कर रही हैं। योगी ने उल्लेख किया कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित हो रहे गंगा एक्सप्रेस-वे में भी कुछ कंपनियों ने पहले से निवेश किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है।

**जेवर में एमआरओ और कार्गो हब की दिशा में पहल**

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने उन अत्याधुनिक स्थलों का भी दौरा किया, जहां सामान्य लोगों का प्रवेश कठिन होता है। शीघ्र शुरू होने वाले जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो सुविधा और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने के लिए सिंगापुर की दक्षता का अध्ययन किया गया। योगी ने कहा कि वर्तमान में भारत सहित विश्व के अनेक विमान अपने एमआरओ कार्यों के लिए सिंगापुर आते हैं। यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है।